उज्जैन
मंगलवार
27
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-353
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में बनेगा एआई प्रोडक्शन स्टूडियो, मेटा विजुअल्स बनेंगे

7 क्या वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करेंगे भारत-न्यूजीलैंड तीसरा टी-20 आज



रामायण को टक्कर देने के लिए आ रहे हैं अक्षय कुमार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

रणबीर कपूर की फिल्म रामायण की एक बड़ी टक्कर होने वाली है। इस फिल्म का क्लैश होने वाला है 32 साल पुरानी फिल्म से और वो फिल्म अक्षय कुमार की है। रामायण फिल्म जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं वो दिवाली के मौके पर 5 नवंबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म से क्लैश से बचने के लिए कोई नई फिल्म इस दौरान रिलीज हो रही है, लेकिन अब खबर आ रही है कि रामायण ये टक्कर लेने के लिए अक्षय कुमार आ रहे हैं। अक्षय कुमार, रवीना टंडन और सुनील शेट्टी की फिल्म मोहरा जो 1994 में रिलीज हुई थी वो काफी सुपरहिट थी। अब 32 साल बाद फिल्म वापस थिएटर में रिलीज होने वाली है। इतना ही नहीं फिल्म 4के वर्जन में रिलीज होगी। फिल्म की जो रिलीज डेट है वो है 6 नवंबर 2026 यानी कुछ ही दिनों में फिल्म री रिलीज होगी। इस खबर के आने के बाद से एक बड़े क्लैश के लिए फैंस तैयार हैं।

देश

- **रेल यात्रियों** के लिए बड़ी सुविधा, 45 पैसे में 10 लाख का बीमा, 27 अक्टूबर से काउंटरों पर भी शुरूआत
- **एमपी** : रेलवे के टावर वैगन के 4 पहिए पटरी से उतरे, मौके पर पहुंची राहत टीम, अधिकारी भी मौके पर
- **चक्रवात** अर्नब कल आंध्र प्रदेश के तट से टकराएगा, ओडिशा-आंध्र में स्कूल बंद, एमपी-यूपी, बिहार समेत 7 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट
- **जम्मू-कश्मीर** में आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों को संवेदनशील सुरक्षा जानकारी देने के आरोप में 2 गिरफ्तार
- **लखनऊ** में कार पार्किंग को लेकर पिता-बेटे, भाई की हत्या, पड़ोसी ने ताबड़तोड़ गोलियां मारीं, 5 दिसंबर को होनी थी बेटे की शादी


विदेश

- **ईरानी** राष्ट्रपति बोले- मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए, जंग रोकने तेहरान पहुंचे सऊदी-पाक-तुर्किये
- **अल्बानिया** में छात्रों ने पीएम ऑफिस की कुर्सियां जलाईं, प्रधानमंत्री ने खुद इन्हें रखा था, इन पर लिखा था- बातचीत करें
- **ट्रम्प** ने नोबेल न मिलने पर नॉर्वे को गाली दीः बोले- वहां के लोगों को अमेरिका नहीं आने देना चाहता
- **एआई कंपनी** एंथ्रोपिक अमेरिका में आईपीओ लाएगी, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के पास फॉर्म फाइल किया

व्यापार

- **माइक्रोसॉफ्ट** का 60 हजार कर्मचारियों को नौकरी छोड़ने का ऑफर, भारत में कंपनी के 23 हजार कर्मचारी, 1 दिसंबर तक फैसला करना होगा
- **जियो प्लेटफॉर्म्स** आईपीओ का अलॉटमेंट आज, 28 अक्टूबर को लिस्टिंग

कार्टून..



सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा- फैसले सबकी सहमति से लिए, सुनवाई आज

चुनाव आयोग बोला- एसआईआर का फॉर्म 6 नहीं बदला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एसआईआर पर एक महीने से जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने कहा कि हमने एसआईआर के फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया। नियमों के अनुसार इस पर बदलाव का अधिकार केंद्र के पास है।

चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में काउंटर एफिडेविट दाखिल किया। आयोग ने कहा कि रक्फ पर सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

फैसलों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार, कमिश्नर सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी तीनों की सहमति थी। कोर्ट में दाखिल एफिडेविट पर भी तीनों के दस्तखत हैं।

यह हलफनामा उस याचिका के जवाब में फाइल किया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई, सीईसी और दूसरे अधिकारियों को नोटिस दिया था। विवाद तब शुरू हुआ जब पिछले महीने 'इंडियन एक्सप्रेस' ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के फॉर्म 6 बदलावों पर आपत्ति जताई थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। एसआईआर से जुड़ी राहुल गांधी समेत 13 विपक्षी नेताओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 27 अक्टूबर को सुनवाई होगी।



फॉर्म-6 में बदलाव का अधिकार सरकार के पास

आयोग का कहना है कि 'मतदाता पंजीकरण नियम, 1960' के तहत निर्धारित फॉर्म में केवल सरकार ही बदलाव कर सकती है। आयोग ने साफ किया कि एसआईआर के दौरान मांगा गया डिक्लेरेशन एक अलग दस्तावेज है और इसे फॉर्म 6 में किया गया संशोधन नहीं माना जा सकता। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 'इंडियन एक्सप्रेस' ने रिपोर्ट दी कि दो चुनाव आयुक्तों ने उन बदलावों पर आपत्ति जताई थी, जिनके तहत आवेदकों को खुद को, अपने माता-पिता या दादा-दादी/नाना-नानी को पिछली एसआईआर से जोड़ने वाले डिटेल देने के लिए कहा गया था। ईसीआई ने माना कि ऑनलाइन आवेदन प्लेटफॉर्म पर जिस तरह से इसे दिखाया गया था, उससे ऐसा लग सकता था कि फॉर्म 6 में बदलाव किया गया है। आयोग ने कहा कि याचिका एक रिपोर्ट पर आधारित है, और कानून की नजर में अखबार की रिपोर्ट को सबूत नहीं माना जाता है। इसलिए सीईसी को काम करने से नहीं रोका जा सकता। आयोग ने कहा कि याचिकाकर्ता ने उसमें किए गए दावों की संबंधित अधिकारियों से स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की, इसलिए याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का जवाब

सीईसी को हटाना आसान नहीं: आयोग ने कहा कि संविधान के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी प्रक्रिया और उन्हीं आधारों पर हटाया जा सकता है, जिन पर सुप्रीम कोर्ट के किसी जज को हटाया जाता है।

अभी संक्षिप्त जवाब, आगे विस्तार से जवाब देंगे: आयोग ने कहा कि दशहरे की छुट्टियों के कारण फिलहाल छोटा जवाब दाखिल किया गया है। जरूरत पड़ने पर वह हर आरोप का विस्तार से जवाब भी देगा।

फैसला लेने का तरीका थ्री लेयर वाला: आयोग ने कहा कि फाइलें आमतौर पर पहले एक चुनाव आयुक्त के पास जाती हैं, फिर दूसरे के पास और आखिर में सीईसी के पास जाती हैं।

तमिलनाडु की जेल से पुलिसकर्मियों पर हमला कर 17 कैदी हुए फरार...

4 गिरफ्तार, बाकी की तलाश में 17 टीमें, 1995 के बाद दूसरी बड़ी घटना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की सब-जेल से सोमवार देर रात पुलिसकर्मियों पर हमले के बाद 17 कैदी फरार हो गए। रात भर सर्च ऑपरेशन दौरान 4 फरार कैदियों को गिरफ्तार किया गया है। बाकी 13 कैदियों को पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गई हैं।

साउथ जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजयेंद्र बिदारी के मुताबिक, सभी 17 कैदी एक ही सेल में बंद थे। जेल कर्मचारियों को रात में एक कैदी की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। जब कर्मचारी सेल में पहुंचे, तो कैदियों ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए।

तमिलनाडु में कैदियों के फरार होने की यह घटना 1995 के बाद की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक मानी जा रही है। 1995 में वेल्लोर किले के अंदर बने स्पेशल डिटेंशन कैंप से एटीटीई संगठन के 43 संदिग्ध सुरंग बनाकर फरार हो गए थे। यह सुरंग करीब 153 फीट (47 मीटर) लंबी थी।



एक पुलिसकर्मी के सिर में चोट, अस्पताल में भर्ती

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, कैदियों ने बताया था कि एक कैदी को दौरे पड़ रहे हैं। इसके बाद जेल कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी सेल का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे सभी कैदियों ने उन पर हमला कर दिया।

घटना में 3 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। थेनी जिला जेल में तैनात ग्रेड-क्क पुलिसकर्मी थंगापांडी के सिर में चोट आई है। उन्हें जी. विलाक्कु के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दो अन्य जेलकर्मियों को भी मामूली चोटें आई हैं।

16 जगहों पर चेकपोस्ट, वाहनों की जांच जारी

घटना के बाद आसपास के जिलों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। पड़ोसी डिंडीगुल जिले में 16 जगहों पर चेकपोस्ट बनाए गए हैं। यहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है, ताकि फरार कैदियों को पकड़ा जा सके। डिंडीगुल के पुलिस अधीक्षक एस. जयकुमार ने चेकपोस्ट बनाए जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने मदुरै, डिंडीगुल और केरल के इडुक्की जिले के अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी है। फरार कैदियों की तस्वीरें सभी पुलिस थानों के बीच शेयर की गई हैं।

नीले-ड्रम वाली मुस्कान को साहिल के परिवार ने बहू माना

फांसी की सजा से बचाने के लिए एक ही वकील किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मेरठ

मेरठ के नीला ड्रम हत्याकांड में फांसी की सजा पाई मुस्कान को उसके प्रेमी साहिल का परिवार बचाने के लिए सामने आया है। हाईकोर्ट में साहिल-मुस्कान की फांसी की सजा माफ कराने के लिए एक ही वकील ने याचिका दाखिल की है।

साहिल के परिवार की तरफ से किए गए वकील सुशील शुक्ला ही मुस्कान के लिए भी पैरवी करेंगे। उन्होंने दोनों की ओर से एक ही याचिका 23 अक्टूबर को दाखिल की है। इसमें पहले साहिल और उसके नीचे मुस्कान रस्तोगी का नाम लिखा है। जिस तरह साहिल के वकील ही मुस्कान के लिए हाईकोर्ट में पैरवी करेंगे, उससे माना जा रहा है कि साहिल के परिवार ने मुस्कान को बहू मान लिया है। साहिल का परिवार लगातार जेल में उससे मिलने आ रहा है। साहिल का छोटा भाई दिव्यांश शुक्ला, नानी और उसके चाचा मिलने आते हैं। जबकि, हत्या के बाद 18 महीनों में मुस्कान से मिलने आज तक उसके मायके या ससुराल से कोई नहीं आया।

मेरठ जिला जेल के वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने कहा- साहिल के परिवार ने ही मुस्कान का केस लड़ने के लिए वकील किया है। पहले मुस्कान ने जेल प्रशासन से अपने लिए वकील करने की इच्छा जताई थी। उसके लिए सरकारी वकील देने की तैयारी चल रही थी। लेकिन, बाद में उसने सरकारी वकील लेने से इनकार कर दिया। मुस्कान ने ही बताया कि साहिल के वकील ही उसका केस भी लड़ेंगे। हाईकोर्ट के सीनियर वकील सुशील शुक्ला ही दोनों का केस लड़ रहे हैं। वही दोनों की फांसी माफी के लिए हाईकोर्ट में पैरवी कर रहे हैं।



बिश्नोई समाज ने फिर सलमान खान को चेताया

मुकाम धाम में माफी मांगें, हम करेंगे सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हिसार

अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने एक बार फिर बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लेकर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में अभिनेता टाइगर श्राफ पर हमले के बाद यह उनका दूसरा बयान है।

राजस्थान के जोधपुर जिले के जाजीवाल धोरा में हुए खीर महोत्सव में मंच से देवेंद्र बुड़िया ने कहा- यदि सलमान खान बिश्नोई समाज के पवित्र धाम मुकाम आकर माफी मांगते हैं, तो समाज उन्हें माफ कर देगा। बुड़िया यहीं नहीं रुके, उन्होंने सलमान खान को खुली चेतावनी हुए कहा- सलमान खान डरा हुआ है। बेवजह हाथ-पांव कांप रहे हैं कि कोई आकर मार देगा। इसीलिए यदि शांति चाहता हैं, वह बीकानेर स्थित बिश्नोई समाज के पवित्र स्थल 'मुकाम' आए और माफी मांगें, तो हम माफ कर देंगे। हम सुरक्षा भी करेंगे।

बता दें कि कुछ दिन पहले हरियाणा के रहने वाले समाज के युवाओं के साथ कनाड़ा में हो रहे भेदभाव को लेकर देवेंद्र बुड़िया ने आवाज उठाई थी। उन्होंने कनाड़ा दूतावास से बिश्नोई समाज को टारगेट ना करने के लिए पत्र भी लिखा था। इसके अलावा एक बयान में उन्होंने साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के लिए कहा था कि हमें उस पर गर्व है।

आरोपी ने लीज पर ले रखी थी होटल, मालिकों से चल रहा था विवाद

गुवाहाटी के होटल में शूटआउट, परिवार के 4-लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी में सोमवार रात एक होटल में शख्स ने 6 लोगों पर फायरिंग कर दी। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। मरने वालों में एक ही परिवार के 4 लोग शामिल हैं। इनमें होटल मालिक की पत्नी और बेटा भी शामिल है। घटना बोरा सर्विस एरिया में स्थित बिलास इन होटल में हुई।

पुलिस कमिश्नर पार्थ सारथी महंत ने बताया कि गोलीबारी होटल के लीज समझौते से जुड़े संपत्ति विवाद के कारण हुई। आरोपी घनकांत गोगोई ने पिछले साल इस होटल को



लीज (किराए) पर लिया था। पिछले कुछ समय से उसका होटल मालिक के परिवार से लीज समझौते को लेकर विवाद चल रहा था।

सोमवार की रात भी आरोपी का इनसे विवाद हुआ था। इसी बीच उसने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से 6 लोगों को गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से फायरिंग में इस्तेमाल .32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल भी जब्त कर ली गई है।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों में हेलेना भराली, देबोरशी कश्यप और नारायण दास की पहचान हो गई है। बाकी मृतकों की पहचान की जा रही है। गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि गोलीबारी में जीवित बचे व्यक्ति की पहचान सत्येन पाठक के रूप में हुई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

गैंगस्टर लॉरेंस साबरमती जेल के हाई सिक्योरिटी ब्लॉक में शिफ्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

गैंगस्टर लॉरेंस को हाल ही में अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल के हाई-सिक्योरिटी 'दो सौ खोली' ब्लॉक में शिफ्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस ब्लॉक में आतंकवाद और दूसरे गंभीर अपराधों के 200 खतरनाक कैदियों को रखा जाता है।

लॉरेंस को अलग रखने और कैदियों की एक-दूसरे के सेल में आवाजाही रोकने के लिए ब्लॉक को चार हिस्सों में बांटा गया है। हर हिस्से में 50 कैदी हैं। लॉरेंस का सेल करीब 7.5७11 फीट का है। लॉरेंस इस जेल में 10 मई 2023 से बंद है। लॉरेंस के नेटवर्क पर लगाम लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। जांचकताओं के मुताबिक, पिछले दो साल में लॉरेंस की ओर से सीधे कॉल या संपर्क का कोई मामला सामने नहीं आया है। साबरमती जेल में अलग-थलग रहने के बावजूद उसका गिरोह विदेश से संचालित हो रहा है। उसके प्रमुख गुर्गों का समूह रोजमर्रा के कामकाज संभालता है। 18 अक्टूबर को मुंबई में एक्टर टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग से जुड़े अनिल पंडित ने ली थी।

जज पिता पर केस दर्ज करने केरल हाईकोर्ट की मंजूरी

केरलम में नाबालिग बेटे ने मर्सिडीज से स्कूटर सवार को मारी थी टक्कर, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने 17 साल के बेटे की कार से दुकानदार की मौत के मामले में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज और मर्सिडीज के मालिक पिता के खिलाफ केस दर्ज करने की परमिशन दे दी है। हाईकोर्ट ने मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199ए के तहत मामला दर्ज करने की अनुमति दी है और मामले में रिपोर्ट भी मांगी है।

हादसे में 55 साल के दुकानदार जयबालकृष्णन की मौत हो गई थी। पुलिस ने पहले लापरवाही से मौत का केस दर्ज कर नाबालिग को जमानत दे दी। विरोध के बाद गैर-इरादतन हत्या की धारा जोड़ी गई और उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया गया। हालांकि, बोर्ड ने उसे फिर जमानत दे दी। इससे नाराज मृतक के परिवार ने थाने के सामने धरना दिया। मामला केरल विधानसभा में भी उठा, जहां गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने माना कि पुलिस की शुरूआती कार्रवाई सही नहीं थी। मृतक जयबालकृष्णन करीब 30 साल से अपनी पत्नी मंजू के साथ सड़क किनारे वेज खाने का स्टॉल चला रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, जयबालकृष्णन ने शनिवार रात चित्तूर मंदिर के पास अपना स्टॉल बंद किया था। वह रोज शाम करीब 4 बजे दुकान खोलते थे।

मृतक का परिवार बोला- शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए

मृतक की रिश्तेदार जयलक्ष्मी थंकराज ने कहा कि जयबालकृष्णन उनके अंकल थे। वह मैकेनिकल इंजीनियर थे और अपने शौक के कारण डोसा की दुकान चलाते थे। हादसे के समय वह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। जयलक्ष्मी ने सरकार और पुलिस से आरोपी का पासपोर्ट और दूसरे दस्तावेज जब्त करने की मांग की। उनका कहना है कि आरोपी प्रभावशाली परिवार से है और देश छोड़कर भाग सकता है। उन्होंने अधिकारियों से आरोपी के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का आरोप लगाने और गंभीर धाराएं जोड़ने की भी मांग की।



महाकाल श्रृंगार



पंचामृत पूजन कर भांग अर्पित की, रजत चंद्र-त्रिशूल और त्रिपुंड से सजाया

अपनेतक

दिवाली पर बाजार के रंग फीके क्यों? कम बारिश और फसलों पर असर से घटी खरीदारी!

दिवाली रोशनी, खुशियों और खरीदारी का त्योहार है। आमतौर पर इस अवसर पर बाजारों में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती। दुकानों पर ग्राहकों की भीड़, सड़कों पर चहल-पहल और व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई देती है। लेकिन इस बार दिवाली पर बाजारों की रौनक अपेक्षा के अनुरूप नजर नहीं आई। सवाल है कि त्योहार के बावजूद बाजारों के रंग फीके क्यों रहे?

इसकी एक बड़ी वजह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती हो सकती है। कम बारिश, अनियमित वर्षा या फसलों को हुए नुकसान का सीधा असर किसानों की आमदनी पर पड़ता है। जब खेत से अपेक्षित उपज और मुनाफा नहीं मिलता, तो किसान गैरजरूरी खर्चों में कटौती करने लगते हैं। इसका असर कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और घरेलू सामान की खरीदारी पर भी पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाला पैसा जब बाजार तक कम पहुंचता है, तो त्योहार की चमक भी प्रभावित होती है।

दूसरी ओर, महंगाई, खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज और मजदूरी का खर्च तथा घरेलू जरूरतों पर होने वाला व्यय भी लोगों की जेब पर दबाव डालते हैं। ऐसे में लोग त्योहार तो मनाते हैं, लेकिन खरीदारी में पहले जैसी खुलकर खर्च करने से बचते हैं। बाजार में भीड़ दिखाई देना और दुकानों पर वास्तविक बिक्री होना दो अलग-अलग बातें हैं।

हालांकि, केवल कम बारिश को ही फीकी दिवाली का कारण मानना उचित नहीं होगा। फसल उत्पादन, किसानों को मिले दाम, ग्रामीण रोजगार, लोगों की क्रय शक्ति, ऑनलाइन खरीदारी और बाजारों में ग्राहकों की पसंद जैसे पहलुओं को भी समझना जरूरी है।

दिवाली पर बाजारों की फीकी रौनक केवल व्यापारियों की चिंता नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति का संकेत भी हो सकती है। यदि किसानों की आमदनी प्रभावित होती है, तो उसका असर खेत से निकलकर शहर की दुकानों तक पहुंचता है। इसलिए असली सवाल यह है कि त्योहारों पर बाजारों की चमक बढ़ाने के लिए केवल सजावट और आकर्षक ऑफर पर्याप्त हैं या लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाने पर भी ध्यान देना होगा? आखिर बाजार की असली रौनक रोशनी से नहीं, लोगों की जेब में मौजूद खरीदने की ताकत से आती है।



महाकाल मंदिर के शिखर के साथ चंद्रमा का दृश्य सचमुच अद्भुत और मनमोहक लगता है। एक ओर महाकाल का दिव्य शिखर, दूसरी ओर चंद्रमा की शीतल चांदनी—आस्था और प्रकृति का ऐसा संगम, जिसे देखकर मन स्वतः महादेव के चरणों में झुक जाता है।

रामघाट पर सिद्धार्थ का कमाल, 111 मीटर लंबी मांडना आर्ट बनाकर तोड़े चार विश्व रिकॉर्ड...

36 घंटे का लक्ष्य 32 घंटे 3 मिनट में किया पूरा, उकेरी शिव बारात

गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम, मोरोक्को और भोपाल का कीर्तिमान भी ध्वस्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर मालवा की विलुप्त होती लोककला मांडना ने विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड और जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित मांडना तपस्या में युवा कलाकार सिद्धार्थ भागचंदानी ने समय से पूर्व लक्ष्य हासिल कर चार विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था की मांडना चौपाल विंग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सिद्धार्थ ने 36 घंटे में 108 मीटर लंबी आर्ट गैलरी बनाने का लक्ष्य रखा था। इसके उलट उन्होंने महज 32 घंटे 3 मिनट 42 सेकंड में 111 मीटर लंबी शिव बारात उकेर कर नया इतिहास रच दिया। अवार्ड सेरेमनी में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनीष विश्नोई ने सिद्धार्थ को लार्जेस्ट मांडना पेंटिंग क्रिएटेड बाय इंडिविजुअल, लार्जेस्ट फोक पेंटिंग मैराथन बाय इंडिविजुअल और लार्जेस्ट मांडना आर्ट पेंटिंग के सर्टिफिकेट सौंपे। वहीं संस्था द्वारा लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दावा पेश किया जाएगा। लिम्का बुक की प्रक्रिया के तहत राजपत्रित अधिकारी किशोर चंदन, डॉ. राजेश साकोरीकर, डॉ. राजेश साहू और पदम सिंह ने रिकॉर्ड का अवलोकन किया।

इस उपलब्धि के साथ सिद्धार्थ ने कई पुराने विश्व रिकॉर्ड भी ध्वस्त किए। उन्होंने 161.65 वर्ग मीटर की दुनिया की सबसे बड़ी वर्ली पेंटिंग का रिकॉर्ड 166.5 वर्ग मीटर की मांडना गैलरी बनाकर तोड़ा। इसके अलावा एकल मांडना पेंटिंग का 500 वर्ग फीट का पुराना रिकॉर्ड 1792 वर्ग फीट का मांडना बनाकर अपने नाम किया। सिद्धार्थ ने मोरक्को में दर्ज दुनिया की सबसे बड़ी फोक पेंटिंग के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने के साथ ही भोपाल के इंदिरा गांधी संग्रहालय में 327 कलाकारों द्वारा बनाई गई 75 मीटर की गोंड पेंटिंग का रिकॉर्ड भी अकेले ही तोड़ दिया। दो दिवसीय आयोजन में रामचंद्र गांगुलिया के साथ प्रतिकल्पा, प्रतिभा संगीत, लोकायन, कलायोगिनी, लोकगुंजन, आरंभ कथक, सर्वोत्तम, त्रिनेत्रा, वेणुनाद निनाद और नृत्य सिद्धा संस्थाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास ने मलखंब का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पं. सुदर्शन अयाचित ने किया एवं आभार डॉ. पल्लवी किशन ने माना। आयोजन की सफलता में सिद्धार्थ के पिता व वरिष्ठ नाट्य निर्देशक कुमार किशन, भाई शांतनु के अलावा अभिजीत सिंह जादौन, शुभम वरखेड़े, लक्ष्मण सिंहरोडिया, राजकुमार परसवानी, प्रवीण चतुर्वेदी, मिलन गुप्ता, विजय भागचंदानी, लोकेश भागचंदानी, योजस्वी सोनी, लकी राठौड़, नैना सिंह सोलंकी, जयवी व्यास, स्नेहा तोमर, अदिति सिंह जादौन, दिशा राजपुरोहित का विशेष सहयोग रहा।



अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ का विस्तार, उज्जैन बना राष्ट्रीय उपप्रधान कार्यालय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सदगुरु कबीर साहेब के विचारों और उनके ज्ञान को विश्व स्तर पर जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर उज्जैन स्थित सदगुरु कबीर भवन को महासंघ का राष्ट्रीय उपप्रधान कार्यालय घोषित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य बापू महंत चूड़ामणि नाम साहेब ने भारत के बाहर दो देशों में राष्ट्र प्रमुखों की नियुक्ति की। मलेशिया में शिव कुमार दास साहेब को देश प्रमुख बनाया गया है, जबकि नेपाल में राम गोविंद यादव को उपप्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब ने बताया कि आगामी समय में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, वेस्टइंडीज, मॉरीशस और भूटान आदि देशों में भी महासंघ की इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिसके लिए वहां के कबीर भक्तों से निरंतर चर्चा जारी है। इस अंतरराष्ट्रीय गठन पर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे महासंघ से जुड़कर सदगुरु कबीर साहेब के ज्ञान, संदेश और समाज जागरण के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे, साथ ही उनके प्रति फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर कर सत्यता स्थापित करने में सहभागी बनेंगे। कार्यक्रम में नारी शक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन साहेब, पूर्व मंत्री व नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद कबीर पंथी और महासचिव सत्यनारायण मालवीय मौजूद रहे।

खेल प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर खेल एकता, सहयोग और समन्वय का संदेश दिया

खेल संघों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा निराकरण : राजेश सिंह कुशवाह

खेल अभी अपेक्षाकृत पीछे हैं, उन्हें भी मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को विशेष प्रयास करने होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्थानीय भारतीय ज्ञानपीठ स्कूल में उज्जैन के विभिन्न खेल संगठनों का दशहरा खेल मिलन समारोह खेलमय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शहर के विभिन्न खेलों से जुड़े पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों एवं खेल प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर खेल एकता, सहयोग और समन्वय का संदेश दिया।

कार्यक्रम संयोजक टेबल टेनिस संघ के श्री राजेश शर्मा एवं शतरंज संघ के श्री महावीर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश रग्बी संघ के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह कुशवाह थे, अध्यक्षता खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने की। इस अवसर पर बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक श्री शैलेन्द्र व्यास (स्वामी मुस्कुराके) ,मलखंभ के द्रोणाचार्य अवार्डी श्री योगेश मालवीय एवं जिम्नास्टिक के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक श्री आर.एल. वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

खेल संगठनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि उज्जैन के खेल संघों की जो भी समस्याएं हैं, चाहे वे खेल मैदान, संसाधनों अथवा प्रशासनिक स्तर से संबंधित हों, उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। खेलों के विकास के लिए खेल संघों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री विजेंद्र देवड़ा ने कहा कि खेल संघों के बीच आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। दशहरा खेल मिलन समारोह उज्जैन के खेल इतिहास में एक नई पहल है। उन्होंने कहा कि जो खेल अभी अपेक्षाकृत पीछे हैं, उन्हें भी मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को विशेष प्रयास करने होंगे, ताकि उज्जैन का हर खेल और हर खिलाड़ी आगे बढ़ सके। बॉडी बिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास ने अतिथियों का ध्यान खेल संघों की समस्याओं की ओर आकर्षित करते हुए उनको प्राथमिकता से निराकरण करने का आग्रह किया।



दशहरा खेल मिलन समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थे - रग्बी संघः राजेश सिंह कुशवाह। क्रिकेट संघः यूनुस शेख, सुरेंद्र कावरा, डॉ. राकेश चावरे, मेघा शर्मा जी। फुटबॉल संघः मनोज तिवारी, दिलीप मेहता, नितिन अगस्ते। हॉकी संघः अनिल निकम, गोपाल सिंह गौतम, सपना कछवाय, दिलीप भार्गव। जिम्नास्टिक संघः आर.एल. वर्मा, ओमप्रकाश शर्मा।बैडमिंटन संघः योगेश बंदेवार, मोनिका खलोटिया जी, विजय भार्गव। मलखंभ संघः आशीष मेहता, योगेश मालवीय, संतोष सोलंकी, सपना माली जी।

जल संरक्षण के लिए मिला देश का सर्वोच्च लोक सम्मान

पर्यावरण मित्र पंडित दंपति दिल्ली में 'जल प्रहरी सम्मान' से अलंकृत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्षा जल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले उज्जैन के पर्यावरण मित्र पंडित दंपति को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित 'जल प्रहरी सम्मान' से नवाजा गया है। नई दिल्ली के तीन मूर्ति भवन परिसर स्थित विश्व युवा केंद्र में आयोजित समारोह में रेवाखंड फाउंडेशन के निदेशक मिलिंद पंडित और स्वाति संवत्सर पंडित को यह गौरव प्राप्त हुआ।

पंडित दंपति ने जल संरक्षण के लिए अपनी कर्मभूमि देश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों, चंबल के बीहड़ों और मध्य भारत के सूखाग्रस्त इलाकों को बनाया। इसके अलावा उन्होंने अफ्रीकी देश इथियोपिया में भी पर्यावरण बचाने का भागीरथी प्रयास किया है। जलवायु क्षेत्र में उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च लोक सम्मान प्रदान किया गया है।

इस भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, राज्यसभा सांसद डॉ. अरुण सिंह, पर्यावरण गतिविधि प्रमुख गोपाल आर्य, 'जल पुरुष' के नाम से विख्यात राजेंद्र सिंह और जैन मुनि लोकेश जी महाराज ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई थे।

सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 20 दिसंबर को

अवन्तिका सनाढ्य ब्राह्मण परिषद ने सौंपे दायित्व, 5 दिसंबर तक निःशुल्क होगा पंजीयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवन्तिका सनाढ्य ब्राह्मण परिषद के तत्वावधान में 20 दिसंबर रविवार को नीलगंगा स्थित क्षिप्रा गार्डन में सुबह 9 बजे से आदर्श सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर संभाग स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों की घोषणा कर सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

परिचय सम्मेलन समिति के महासचिव अशोक शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में प्रविष्टि पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। इच्छुक परिवार अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन हनुमान नाका स्थित 137 साईं धाम कॉलोनी के प्रधान कार्यालय पर सुबह 11 से रात 9 बजे तक करा सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल नंबर 7354876444 पर भी बायोडाटा भेजे जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर है। 19 दिसंबर की शाम बाहर से आने वाले प्रतिभागियों और उनके दो पालकों के ठहरने तथा भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी। सम्मेलन स्थल पर पत्रिका मिलान की सुविधा भी रहेगी।



इन्हें सौंपी गई आयोजन की जिम्मेदारी- कार्यक्रम संयोजक यशोदा शर्मा ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रह्मानंद दीक्षित और परिचय सम्मेलन समिति के अध्यक्ष हेमेन्द्र शर्मा हैं। व्यवस्थाओं के संचालन के लिए पत्रिका संपादन, प्रिंटिंग और कार्यालय प्रभारी अशोक शर्मा बनाए गए हैं। इसी तरह मंच व्यवस्था प्रियंका यश जोशी, प्रीति दीक्षित व सुदीप व्यास, भोजन व्यवस्था प्यारेलाल पालीवाल, ओमप्रकाश शर्मा व जीवनगुरु तिवारी, कंप्यूटर एवं सोशल मीडिया नितिन शर्मा व रवि शर्मा पिपलोदा द्वारकाधीश और आवास व्यवस्था रमेश शर्मा संभालेंगे।

श्री शीतला माता मंदिर में हुई माता की महाआरती, विशाल भंडारा

उज्जैन। निजातपुरा क्षेत्र में तिवारी नर्सिंग होम के सामने स्थित श्री शीतला माता मंदिर में श्री मां शीतला माता नवयुवक मंडल द्वारा भव्य महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर माता की प्रसादी ग्रहण की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, समाजसेवी नंदलाल यादव,और नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संरक्षक और राष्ट्रीय कलचुरी कलाल एकता महासंघ उज्जैन इकाई के प्रकाश राय बिल्लू काका तथा उपस्थित भक्तों द्वारा माता की भव्य महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात भंडारे की शुरूआत हुई, जिसमें देर तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

आरक्षण काउंटर से बुक कराए गए टिकटों पर भी मिलेगा बीमा का लाभ, आज से सुविधा लागू

उज्जैन। भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 27 अक्टूबर 2026 से रेलवे के आरक्षण कार्यालयों से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा का लाभ मिल सकेगा। अब तक यह सुविधा आईआरसीटीसी के माध्यम से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह बीमा सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक होगी।इसका लाभ केवल उन्हीं यात्रियों को मिलेगा, जो बीमा का विकल्प चुनेंगे, अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे तथा टिकट किराये और बीमा प्रीमियम काभुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। बीमा प्रीमियम टिकट किराये के साथ लिया जाएगा। निर्धारित नियमों के अनुसार, बीमा प्रीमियम सभी करों सहित प्रति यात्री 45 पैसे है।

यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी अथवा आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र यात्री बीमा का विकल्प चुन सकते हैं। एक ही पीएनआर के अंतर्गत बुक किए गए सभी पात्र यात्रियों पर बीमा लागू होगा। पांच वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे, जिनकी बुकिंग बिना बर्थ या सीट के की गई है, इस बीमा के दायरे में शामिल नहीं होंगे। वहीं, पांच से ग्यारह वर्ष की आयु के बच्चे बर्थ के साथ अथवा बिना बर्थ के भी पात्र होंगे। बीमा पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों के अधीन रेल दुर्घटना अथवा अन्य अधिसूचित अप्रिय घटना की स्थिति में मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के लिए रू.10 लाख, स्थायी आंशिक दिव्यांगता के लिए रू.7.50 लाख तक तथा चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के खर्च के लिए रू.2 लाख तक का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए रू.10,000 तक का लाभ भी निर्धारित शर्तों के अनुसार देय होगा।

आरक्षण फार्म में संशोधन किया-

यात्रियों को बीमा का विकल्प चुनने की सुविधा देने के लिए आरक्षण फॉर्म में आवश्यक संशोधन किया गया है। संशोधित फॉर्म पश्चिम रेलवे के सभी आरक्षण कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाएगा। आरक्षण कर्मचारी यात्रियों को बीमा विकल्प चुनने एवं निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

यात्रियों को भरना होगा बीमा फार्म-

बीमा पॉलिसी का विवरण यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। टिकट बुक कराने के बाद यात्रियों को उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर नामांकन संबंधी आवश्यक विवरण भरना होगा। आरक्षण कार्यालयों से बुकिंग पर भी योजना के मौजूदा नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

वोट बचाओ देश बचाओ अभियानः 1 नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे उज्जैन के कांग्रेसी

महाराष्ट्र के विधायक अमीन पटेल ने ली बैठक, चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की उठाई मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में 'वोट बचाओ देश बचाओ अभियान' को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए महाराष्ट्र के विधायक अमीन पटेल ने आरोप लगाया कि देश में जहां भी भाजपा की सरकार बनी है, वह वोट चोरी से बनी है। राहुल गांधी के आह्वान पर इसी विषय को लेकर आगामी 1 नवंबर को देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और उन्हें सजा देने की मांग की गई।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर उज्जैन जिले और शहर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने भी सभी से दिल्ली चलने का आह्वान किया। बैठक में विधायक दिनेश जैन बॉस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

संगठन मंत्री अजय राठौर ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, वीर सिंह राणा, गुड्डू कुरैशी, मुकेश गुर्जर, हिमांशु शुक्ल, संचित शर्मा, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, गफ्फार पटेल, सुरेश चौधरी, रहीम लाला, चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, पार्षद फिरोज पठान, अर्पित दुबे, सुनील कछवाय, छोटेलाल मंडलोई, चेतन भाट, सोनू चौधरी, उत्तम जायसवाल, अनवर नागोरी, शाहिद सिद्दीकी, माजिद लाला, सीमा पटेल, सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह, प्रेमलता रामी, दीपेश जैन, देवव्रत यादव, अतुल चौहान, वरुण शर्मा, कृष्ण यादव, लक्ष्मीनारायण उपाध्याय, वासुदेव रावल, सुरेश गहलोत, दीनू बड़ोदिया, मुकेश सूर्यवंशी, भूरू गौड़, मुकेश चित्तौड़िया, असरार मामू, चंदू यादव, इरशाद कुरैशी, वसीम, फैज मोहम्मद सहित शहर और ग्रामीण के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

उज्जैन
मंगलवार
27
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः॥

अर्थः सत्य वचन से साक्षी पावन बनता है, सत्य से धर्म बढ़ता है। इस लिए सभी वर्णो में, साक्षी ने सत्य हि बोलना चाहिए।

खबर एक नजर...

जनता की आवाज उठाने से नहीं रोक सकते : चौकसे

इंदौर। कांग्रेस ने पार्षद कुणाल सोलंकी के खिलाफ नगर निगम द्वारा सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराने का विरोध किया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे व नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट भाटिया ने कहा कि मुकदमों से कांग्रेस को जनता के मुद्दे उठाने से नहीं रोका जा सकता। पालदा क्षेत्र में दीपावली के लिए सामान बेच रहे गरीबों पर निगम की पीली गैंग की कार्रवाई का पार्षद ने विरोध किया था। चौकसे ने आरोप लगाया कि पीली गैंग गरीब कारोबारियों से अवैध वसूली करती है। चौकसे ने निगम की 24 सड़कों पर पार्किंग शुल्क लगाने की तैयारी का भी विरोध किया।

समाजसेवा, कला और संस्कृति से जुड़ी प्रतिभाओं का सम्मान किया

इंदौर। समाजसेवा, कला, संगीत, संस्कृति और जनकल्याण के क्षेत्र में योगदान देने वाली प्रतिभाओं का दशहरा मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में अभिनंदन किया गया। डॉ. दादू महाराज संस्थान की ओर से राजबाड़ा स्थित गोपाल मंदिर परिसर में हुए समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, कलाकार, उद्यमी और समाजसेवी शामिल हुए। शास्त्रीय गायक गौतम काले, रंगकर्मी अर्चना चितले, संगीतकार ओमप्रकाश हार्डिया, समाजसेवी संजय अग्रवाल, आई केयर सेंटर की उमा झंवर, गोबर से उपयोगी वस्तुएं बनाने वाली एकता मेहता और मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शैलेंद्र सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अलका सैनी, वीरेंद्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा मौजूद थे।

फायर फ्लेम की आग में दादा-पोते झुलसे

इंदौर। परदेशीपुरा क्षेत्र में इलेक्ट्रिक फायर फ्लेम की आग में दादा-पोते झुलस गए। इवेंट मैनेजमेंट फर्म संचालक तुषार कोली ने रहवासी क्षेत्र में पायरो पटाखे और फायर फ्लेम का गोदाम बना रखा था। गली में नई मशीन की टेस्टिंग के दौरान डायरेक्शन बदलने से हादसा हो गया। टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक हादसे में रमेशचंद्र जायसवाल और उनका पोता रुद्र (12) झुलस गए। रमेशचंद्र ने बताया, रविवार दोपहर मैं पोते को फुटबॉल दिलाने जा रहा था। जैसे ही हम घर से बाहर निकले, पड़ोस से एक आग का गोला हमारी तरफ आया। हम जब तक कुछ समझ पाते, झुलस गए। मेरे दोनों हाथ में चोट आई, जबकि पोते के हाथ, गर्दन, आंख और मुंह जल गए। दोनों को हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य है। फ्लेम से ईंधन के कारण आग तेजी से निकलती है। अचानक लपट निकलने पर पास खड़े व्यक्ति को हटने का समय भी नहीं मिल सकता। मशीन के अंदर गैस, ज्वलनशील ईंधन रहता है। रिसाव, खराब कनेक्शन, गलत संचालन या खराबी होने पर आग भड़क सकती है। निकलने वाली आग की लपटें उसके मॉडल, नोजल, ईंधन और सेटिंग पर निर्भर होती है। टेस्टिंग के दौरान भी मशीन को खाली स्थान पर करना चाहिए।

होलकर कॉलेज में 80 करोड़ से बनेंगे स्टेडियम, हॉस्टल

इंदौर। शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय परिसर में 80 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें नया स्टेडियम, इंडोर स्पोर्ट्स हॉल, पैवेलियन, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग होस्टल, प्रशासनिक भवन और परीक्षा भवन का निर्माण शामिल है। कॉलेज परिसर की उपलब्ध जमीन पर ये निर्माण मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल (हाउसिंग बोर्ड) के माध्यम से कराए जाएंगे। इसके लिए रीडेंसीफिकेशन प्लान तैयार किया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि सोमवार को मुख्य सचिव ने प्रोजेक्ट की जानकारी ली है। प्रस्तावित प्लान में खेल सुविधाओं के साथ शैक्षणिक और प्रशासनिक जरूरतों से जुड़े निर्माण भी शामिल हैं। छात्र और छात्राओं के लिए 200-200 सीटों की क्षमता वाले अलग-अलग होस्टल बनाए जाएंगे। कॉलेज में परीक्षा संबंधी गतिविधियों के लिए स्वतंत्र परीक्षा भवन और प्रशासनिक कामकाज के लिए नया एडमिन ब्लॉक प्रस्तावित है।

जल संकट के बीच बिना अनुमति 3 बोरिंग, 40 हजार रुपए जुर्माना

इंदौर। कम बारिश के कारण जलसंकट की आशंका के बीच शहर में बिना अनुमति बोरिंग का सिलसिला जारी है। जोन-4 के वार्ड-17 में एक ही दिन तीन स्थानों पर बिना मंजूरी बोरिंग कर दिए गए। नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची, तब तक बोरिंग हो चुके थे। निगम ने पहली बार तीन बोरिंग मशीनों पर कुल 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। मशीन जब्त होने के डर से संचालकों ने तत्काल जुर्माना भी भर दिया। राजाबाग, जगदीश नगर और कुशवाह नगर में बोरिंग से निकला कीचड़ सड़क पर बह रहा था। इसी रास्ते से संघ का पथ संचलन निकलना था। शिकायत मिलने पर सीएसआई विजय यादव और उपयंत्री मनोज चौहान मौके पर पहुंचे। उन्होंने मशीन संचालकों से बोरिंग की अनुमति मांगी, लेकिन कोई भी मंजूरी नहीं दिखा सका। इसके बाद दो मशीनों पर 10-10 हजार और तीसरी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना भरने के बाद तीनों मशीनों को छोड़ दिया गया।

---

3 साल में 15 हजार युवाओं को एआई, वीएफएक्स और माइक्रो ड्रामा की ट्रेनिंग देंगे

इंदौर में बनेगा एआई प्रोडक्शन स्टूडियो, मेटा विजुअल्स बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स स्थित आईटी पार्क-4 में 10 हजार वर्गफीट में बनेगा स्टूडियो और स्किलिंग सेंटर; पहले चरण में 200 युवाओं को जोड़ने की योजना।

इंदौर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल कंटेंट प्रोडक्शन के क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर तैयार होंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स स्थित आईटी पार्क-4 में करीब 10 हजार वर्गफीट क्षेत्र में एआई आधारित प्रोडक्शन स्टूडियो और स्किलिंग सेंटर बनाया जाएगा। मेटा विज्युअल्स नाम के इस प्रोजेक्ट के जरिए युवाओं को एआई, वीएफएक्स, वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, विज्ञापन फिल्में और डिजिटल मीडिया से जुड़ी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मप्र सेमी समिट 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में आईकेएसएचवीएकेयू मीडिया प्रा. लि. के इस प्रोजेक्ट को मंच से अनुमोदन मिला। कंपनी की योजना अगले तीन महीने में स्किलिंग सेंटर का संचालन शुरू करने की है। पहले चरण में करीब 200 युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ने का लक्ष्य है।



तीन साल में 15 हजार युवाओं को प्रशिक्षण- प्रोजेक्ट के तहत अगले तीन वर्षों में 15 हजार युवाओं को अक आधारित प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है। स्टूडियो में डिजिटल कंटेंट निर्माण और आधुनिक प्रोडक्शन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे युवाओं को एआई और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में करियर बनाने के अवसर मिल सकेंगे।

कॉलेज के स्टार्टअप से एआई प्रोडक्शन स्टूडियो तक का सफर- मेटा विज्युअल्स के को-फाउंडर अंकित कुशवाह ने कहा कि उन्होंने कॉलेज के दिनों में विजुअल डिजाइन और कंटेंट से जुड़े स्टार्टअप के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी। अब मध्यप्रदेश में अक स्किलिंग सेंटर और प्रोडक्शन स्टूडियो स्थापित करने की मंजूरी मिलना उनके लिए गौरव की बात है। उनका उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीकों में प्रशिक्षित कर वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करना है। कंपनी के को-फाउंडर सोमिल जैन के अनुसार अककेवल कंटेंट बनाने का साधन नहीं है, बल्कि रचनात्मकता और रोजगार के नए अवसरों का माध्यम भी है। कंपनी मध्य प्रदेश में ऐसा इकोसिस्टमस डेवलपमेंट करना चाहती है, जहां युवा तकनीक और क्रिएटिविटी के मेल से विश्वस्तरीय कंटेंट तैयार कर सकें।

डिजिटल कंटेंट इंडस्ट्री को मिल सकता है बढ़ावा- मध्य प्रदेश सरकार की एवीजीसी-एक्सआर नीति के अनुरूप प्रस्तावित यह प्रोजेक्ट राज्य में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्सटेंडेड रियलिटी और डिजिटल कंटेंट निर्माण से जुड़े क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में पहल है। इंदौर में एआई आधारित प्रोडक्शन और ट्रेनिंग की सुविधा डेवलप होने से युवाओं को नई तकनीक सीखने के साथ इस क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता के अवसर तलाशने में मदद मिल सकती है।

एआई से कंटेंट बनाने की तकनीक सीखेंगे युवा

- मेटा विज्युअल्स का उद्देश्य केवल ट्रेनिंग देना नहीं, बल्कि युवाओं को व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना भी है। प्रस्तावित सेंटर में जनरेटिव एआई, कंटेंट प्रोडक्शन और एआई-वीएफएक्स जैसी तकनीकों पर काम करने का अवसर मिलेगा। इससे युवाओं को डिजिटल कंटेंट इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार कौशल विकसित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।
- कंपनी वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा और विज्ञापन फिल्मों के निर्माण में एआई आधारित तकनीकों का इस्तेमाल करने के साथ इन-हॉउस जनरेटिव एआई तकनीक, ऑटोमेशन टूल्स और प्रोडक्शन वर्कफ्लो विकसित करने पर भी काम कर रही है।

जानिए खास-खास बातें

- **10 हजार वर्गफीट में स्टूडियोः** इंदौर के आईटी पार्क-4 में एआई आधारित कंटेंट प्रोडक्शन स्टूडियो और स्किलिंग सेंटर डेवलपमेंट होगा।
- **15 हजार युवाओं को ट्रेनिंगः** अगले 3 वर्षों में युवाओं को एआई आधारित प्रोफेशनल ट्रेनिंग देने का लक्ष्य।
- **पहले चरण में 200 युवाः** शुरूआती स्तर पर कौशल विकास और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की योजना।
- **3 से 4 महीने में शुरूआतः** कंपनी के अनुसार, सेंटर का संचालन शुरू करने की तैयारी।
- **एक ही जगह ट्रेनिंग और प्रोडक्शनः** एआई वीएफएक्स, वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, एड फिल्म्स और डिजिटल मीडिया की तकनीकों पर काम होगा।
- **क्रिएटिव इंडस्ट्री पर फोकसः** एआई और रचनात्मकता को मिलाकर कंटेंट निर्माण के नए अवसर तैयार करने की कोशिश।

दीपावली-छठ पर यात्री दबावः थर्ड एसी में भी 100 के पार हुई, कई दिन रिग्रेट पोजिशन

पटना ट्रेन में स्लीपर की वेटिंग 123 तक पहुंची

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

दीपावली और छठ पूजा पर घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के सामने रेलवे में कन्फर्म टिकट का संकट खड़ा हो गया है। इंदौर से पटना जाने वाली ट्रेनों में नवंबर की शुरूआत से ही लंबी वेटिंग है। स्थिति यह है कि स्लीपर में वेटिंग 123 तक पहुंच गई है, जबकि थर्ड एसी में भी कई तारीखों पर वेटिंग 100 से अधिक है।

कुछ तारीखों में सेकंड एसी और फर्स्ट एसी में टिकट बुकिंग बंद होने का संदेश यानी रिग्रेट दिखाई दे रहा है। यानी इतनी ज्यादा बुकिंग हो गई कि वेटिंग के टिकट बनना भी बंद हो गए। इंदौर-पटना एक्सप्रेस के साथ दानापुर स्पेशल में भी यात्रियों को राहत मिलती नहीं दिख रही। 5 नवंबर की दानापुर स्पेशल में स्लीपर की वेटिंग 133 और थर्ड एसी की 80 है। वहीं, 9 नवंबर को इंदौर-पटना एक्सप्रेस में स्लीपर श्रेणी में बुकिंग बंद दिखाई दी।



सालभर वेटिंग, नई नियमित ट्रेन चलाने की मांग भी उठी थी- रेलवे एक्सपर्ट नागेश नामजोशी ने कहा पटना एक्सप्रेस ट्रेन, इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस सहित अन्य कई रूट की ट्रेनें ऐसी हैं, जिनमें सालभर वेटिंग रहती है। पटना एक्सप्रेस में तो सालभर 120-150 फीसदी तक दबाव रहता है। इस रूट पर अब एक नई नियमित ट्रेन की जरूरत है। रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने कहा कि ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जाएं ताकि यात्रियों को राहत मिले।

बस में सीटें उपलब्ध, लेकिन महंगा टिकट, किराया 8950 रुपए तक पहुंचा- इंदौर से पटना के लिए एसी सीटर-स्लीपर बस में कई तारीखों पर सीटें उपलब्ध हैं। हालांकि किराया बहुत ज्यादा है। बस एसोसिएशन से जुड़े लोगों के अनुसार 2 से 5 नवंबर के लिए किराया 8950 रुपए, जबकि 7 और 9 नवंबर के लिए 8500 और 11 नवंबर के लिए 7575 रुपए है। बस से यात्रा में 27 से 29 घंटे लगते हैं।

कांग्रेस की महारैली आज, गांधी भवन से कलेक्टोरेट तक प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कांग्रेस मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में जनसंघर्ष महारैली निकालेगी। शहर और जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रैली सुबह 11 बजे गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर कलेक्टोरेट पहुंचेगी।

कांग्रेस ने इसके लिए कांग्रेस लाओ, देश बचाओ और वोट बचाओ, देश बचाओ के नारे दिए हैं। रैली के जरिए पार्टी सरकारों की नीतियों के साथ मतदाता सूची में किए गए बदलावों के खिलाफ विरोध दर्ज कराएगी। कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर महारैली आयोजित की जा रही है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता परेशान है। पार्टी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की मांग भी उठाएगी। इसके साथ ही मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा की मांग को लेकर कलेक्टोरेट तक प्रदर्शन किया जाएगा। महारैली में अधिक से अधिक नेताओं और कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों और प्रभारियों, वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों, शहर एवं जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा ब्लॉक अध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

क्रिसेंट वॉटर पार्क के पास घायल तेंदुआ दिखा, वन विभाग कर रहा सर्चिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खुड़ैल थाना क्षेत्र में क्रिसेंट वॉटर पार्क के नजदीक बुधवार सुबह एक तेंदुआ रहवासी मकान के पास बैठा दिखाई दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, तेंदुए के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे।

सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और इलाके में उसकी तलाश शुरू की। हालांकि, वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए की मौजूदगी और उसकी चोटों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

मकान के पास सुस्त हालत में बैठा दिखा तेंदुआ- जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह क्रिसेंट वॉटर पार्क के पास बने हरिओम ठाकुर के मकान के आसपास लोगों ने तेंदुए को बैठे देखा। ग्रामीणों का कहना है कि वह सुस्त लग रहा था और उसके मुंह व सिर पर चोट लगी थी। इस वजह से आशंका जताई गई कि वह किसी दूसरे वन्यजीव से संघर्ष के दौरान घायल हुआ होगा। तेंदुआ दिखने की सूचना के बाद आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर उसकी तलाश में जुटी है।

हरिओम ठाकुर ने बताया कि बुधवार सुबह उनके घर के पास तेंदुआ बैठा दिखाई दिया था, जो बाद में भाग गया। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी तेंदुआ उनके फार्म हाउस में घुसकर मवेशियों का शिकार कर चुका है। तब ग्रामीणों ने उसे भगा दिया था। हरिओम पेशे से किसान हैं। वे कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रह चुके हैं और खेती के साथ प्रॉपर्टी का काम भी करते हैं। ठाकुर के मुताबिक, उनके घर के पास ही रालामंडल की पहाड़ियां हैं। यहां किसी तरह की जालियां नहीं लगी हैं, जिससे इलाके में तेंदुए की आवाजाही होती रहती है।

तीन सप्ताह में रिपोर्ट मांगीः हाईकोर्ट ने कहा, हर थाने में ध्वनि मापक यंत्र रखें

कचरा गाड़ियों का शोर 25 प्रतिशत घटाना होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अब केवल नियम बनाने से काम नहीं चलेगा। पुलिस को मौके पर शोर मापकर कार्रवाई भी करना होगी। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने नगर निगम, पुलिस और राज्य शासन को ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नगर निगम की कचरा गाड़ियों पर लगे लाउडस्पीकरों की तेज आवाज को भी गंभीरता से लिया। निर्देश दिया कि इन गाड़ियों का शोर निर्धारित सीमा में लाया जाए या मौजूदा ध्वनि स्तर में कम से कम 25% कमी की जाए।

कोर्ट ने हर थाने में ध्वनि मापने के उपकरण उपलब्ध कराने, थानों के संपर्क नंबर सार्वजनिक करने और प्रत्येक वार्ड में दो स्वयंसेवक नियुक्त करने को कहा है। ये स्वयंसेवक शोर की शिकायत पुलिस तक पहुंचाएंगे और जरूरत पड़ने पर घटना का वीडियो भी बना सकेंगे।



साइलेंस जोन की पूरी सूची अखबारों में प्रकाशित कर नागरिकों से उन स्थानों के सुझाव भी मांगे जाएंगे, जिन्हें इस सूची में शामिल किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर और जय कुमार पिल्लई की खंडपीठ ने 26 अक्टूबर को अमिताभ उपाध्याय व एक अन्य की याचिका पर यह आदेश दिया। सभी संबंधित पक्षों को तीन सप्ताह में पालन रिपोर्ट पेश करना होगी। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी।

पुलिस को मौके पर उपकरण इस्तेमाल करना होगा- सुनवाई के दौरान खजराना के सहायक पुलिस आयुक्त आशीष पटेल ध्वनि प्रदूषण मापने का एक उपकरण लेकर कोर्ट पहुंचे। हालांकि, सुनवाई में बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर शोर मापने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए इसका अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया है। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि उपकरण का इस्तेमाल करें। कोर्ट ने हर थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के हर वार्ड से दो स्वयंसेवकों को नामित करें। शिकायत मिलने पर पुलिस को कार्रवाई करना ही होगी।

यह भी कहा कोर्ट ने

साइलेंस जोन की सूची 24 सितंबर को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के निर्देश दिए थे। आदेश का पालन नहीं होने पर असंतोष जताया। पिछली नवरात्रि और दशहरे के दौरान शहर में हुए ध्वनि प्रदूषण पर गंभीर चिंता जताई। कहा कि पुलिस उसके स्रोतों पर प्रभावी नियंत्रण करती नजर नहीं आई। संबंधित पक्षों से थानों में ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों का ब्योरा पेश करने को कहा है। पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेकर कितनी शिकायतें दर्ज की, इसकी जानकारी भी देना होगी। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि शोर को लेकर कितनी शिकायतें आई हैं।

कचरा गाड़ियां सूचना दें, तेज आवाज में गाने न बजाएं

नगर निगम की कचरा संग्रहण गाड़ियां सुबह और दिन में अलग-अलग क्षेत्रों में घूमती हैं।
इन पर लगे लाउडस्पीकरों से स्वच्छता संबंधी गीत बजाए जाते हैं।
कोर्ट ने माना कि लोगों को गाड़ी आने की सूचना देना जरूरी है, लेकिन इसके लिए तेज आवाज में चलाना उचित नहीं है।
मौजूदा ध्वनि स्तर में 25% कमी करना होगी। निर्देश पालन के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है।

शहर में अब कॉलोनी, मल्टी या बड़े भवन का नक्शा पास कराने के लिए सिर्फ पानी की पाइप लाइन डालना काफी नहीं होगा

अब नक्शा पास कराने पानी की 2 लाइनें जरूरी करने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर में अब कॉलोनी, मल्टी या बड़े भवन का नक्शा पास कराने के लिए सिर्फ पानी की पाइप लाइन डालना काफी नहीं होगा। पीने और घरेलू इस्तेमाल के पानी के साथ फ्लशिंग और सफाई जैसे कामों के लिए अलग पाइप लाइन भी डालना होगी। नगर निगम नए निमार्णों में ड्यूल पाइप लाइन सिस्टम अनिवार्य करने जा रहा है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार है, जिसे निगम नवंबर में होने वाली महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक में प्रस्ताव रखेगा। व्यवस्था लागू होने के बाद निर्धारित शर्त पूरी किए बिना नक्शे की मंजूरी नहीं मिल सकेगी।

भूमि विकास नियमों में मार्च 2025 में ही ड्यूल पाइप लाइन का प्रावधान शामिल किया जा चुका है, लेकिन अब तक प्रदेश के किसी नगर निगम या नगर पालिका में इसे लागू नहीं किया गया है। इंदौर में इसे लागू करने की तैयारी ऐसे समय हो रही है, जब इस साल कम बारिश के कारण गर्मी में पानी की उपलब्धता बनाए रखना चुनौती बनने वाला है। सप्ताहभर पहले नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता वाली बैठक में भी जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया था कि एसटीपी प्लांट बिना ट्रीटमेंट किए पानी नालों में बहा रहे हैं। मंत्री ने पानी की जांच के लिए भी कहा था। फिलहाल शहर में सेकंडरी ट्रीटमेंट के बाद मिलने वाले पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल हैं। निर्माण कार्यों में भी इसके इस्तेमाल की उपयुक्तता पर आपत्ति है। ऐसे में टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए पानी की गुणवत्ता सुधारना और उसकी सप्लाई के लिए अलग नेटवर्क तैयार करना भी जरूरी होगा।



340 एमएलडी सीवेज का उपचार, लेकिन ट्रीटेड वाटर की गुणवत्ता पर सवाल- नगर निगम के आंकड़ों के मुताबिक, शहर में सीवेज ट्रीटमेंट की स्थापित क्षमता करीब 436.5 एमएलडी है। फिलहाल प्रतिदिन औसतन 340 एमएलडी सीवेज का उपचार किया जा रहा है। इस पानी का उपयोग उद्यानों, कृषि भूमि और तालाबों को भरने में होता है। निगम के रिकॉर्ड के मुताबिक, 170 उद्यानों में उपचारित पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए सात नेटवर्क में कुल 95 किलोमीटर पाइप लाइन और छह नेटवर्क में 45 हाइड्रेंट स्थापित हैं। हालांकि, उद्यान विभाग की ओर से भी इस पानी की गुणवत्ता पर आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है।

सूरत की तरह टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट लगवाने की तैयारी- निगम अब ट्रीटेड पानी की गुणवत्ता बेहतर करने और उसके उपयोग का दायरा बढ़ाने के लिए चार स्थानों पर कुल 30 एमएलडी क्षमता के टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना पर काम कर रहा है। इनमें सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में 3 एमएलडी, कनाड़िया में 8 एमएलडी, टिगरिया बादशाह तालाब के पास 9 एमएलडी और कबीटखेड़ी के 245 एमएलडी एसटीपी परिसर में 10 एमएलडी क्षमता का प्लांट प्रस्तावित है। निगम के मुताबिक प्रति व्यक्ति पानी की खपत 150 लीटर प्रतिदिन है। करीब 30 लीटर शौचालय की फ्लशिंग और 15 लीटर घर की धुलाई में खर्च होता है।

खबर एक नजर...

वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारी, इंदावाड़ी के पास घायल को अस्पताल भेजा

सिवनी। सिवनी जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात इंदावाड़ी ग्राम के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल की मदद की और एंबुलेंस के माध्यम से उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सिवनी भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान चमर सिंह बरकड़े, उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। सोमवार रात वह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान इंदावाड़ी ग्राम के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से निकल गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोग सहायता के लिए पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों का पता लगाने के साथ ही संबंधित वाहन और उसके चालक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घायल की स्थिति और उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

नगरीय निकायों में भ्रष्टाचार की जांच करेगा लोकायुक्त

भोपाल। मप्र के नगरीय निकायों में गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (जेम पोर्टल) के जरिए बाजार के मुकाबले कई गुना दामों पर की गई सरकारी खरीदी के मामले में लोकायुक्त संगठन ने स्वतः संज्ञान लिया है। लोकायुक्त डीजी योगेश देशमुख ने स्पष्ट किया है कि विभागीय स्तर पर सामने आए तथ्यों से शुरूआती तौर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता की बात सामने आ रही है। लोकायुक्त संगठन अब पूरे मामले की आपराधिक जांच शुरू करने जा रहा है। विभाग से रिकॉर्ड मिलने के बाद इसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी। देखमुख ने बताया कि नगरीय विकास विभाग से जानकारी मांगी जा रही है कि किस निकाय ने किस सामान को कितने में खरीदा और प्रक्रिया में कहां-कहां गड़बड़ियां हुई हैं। इन गड़बड़ियों के आधार पर पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर फैसला सुरक्षित

जबलपुर। ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी सास और पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस अजय निरंकारी की कोर्ट में गिरिबाला सिंह और सीबीआई की ओर से वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। गिरिबाला के वकीलों ने सीबीआई की चार्जशीट में शामिल तथ्यों पर 40 बिंदुओं में जवाब पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सीबीआई के अनुसार, 12 मई 2026 की रात ट्विशा शर्मा अपने ससुराल में फांसी पर लटकी मिली थीं। उन्हें इलाज के लिए भोपाल एम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी।

सस्ते सोने के सिक्कों का लालच देकर 2.10 लाख लूटे

जबलपुर। जबलपुर में सस्ते दाम पर पुराने सोने के सिक्के देने का झांसा देकर पश्चिम बंगाल के बीरभूम निवासी सेल्समैन विश्वजीत भकत (36) और उसके ममेरे भाई से 2 लाख 10 हजार रुपए की ठगी हुई। आरोपियों ने पहले जांच के लिए असली सोने का सिक्का दिया, जिससे दोनों का भरोसा बढ़ गया। इसके बाद 24 अक्टूबर को पनागर के कुशनेर अंडर ब्रिज बायपास पर उन्हें बुलाया और रुपयों से भरा बैग, रेडमी मोबाइल और कपड़ों का बैग छीनकर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पनागर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, विश्वजीत अगस्त 2026 में झारखंड के देवघर बाबा धाम कांवड़ यात्रा पर गए थे। वहां उनकी मुलाकात रुद्राक्ष बेचने वाली एक महिला से हुई। पहचान होने के बाद दोनों ने एक दूसरे के फोन नंबर लिए। करीब एक महीने बाद सितंबर में विश्वजीत के पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को महिला का पति बंटी बताया और कम कीमत पर पुराने सोने के सिक्के देने का लालच दिया।

सिहोरा में जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

जबलपुर। सोमवार सुबह सकल जैन समाज ने शरद पूर्णिमा महोत्सव और आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली। यात्रा सुबह 9 बजे बड़े जैन मंदिर महावीर चौक से शुरू हुई। इसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। बैंड-बाजों की धुन पर श्रद्धालु आचार्य श्री के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। शोभायात्रा में आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज और आर्यिका रत्न 105 ज्ञानमती माता के कटआउट थे।

रात 8 से 10 बजे तक का समय तय, 125 डेसिबल से तेज आवाज वाले पटाखों पर प्रतिबंध

जबलपुर में 2 घंटे ही फोड़ सकेंगे दिवाली पर पटाखे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

जबलपुर में दिवाली पर पटाखे फोड़ने के लिए प्रशासन ने समय तय कर दिया है। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर रात 8 से 10 बजे तक ही आतिशबाजी की अनुमति दी है। आदेश के मुताबिक, 125 डेसिबल से ज्यादा आवाज वाले पटाखे प्रतिबंधित रहेंगे। प्रशासन ने केवल पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखे चलाने की अनुमति दी है। अस्पताल, नर्सिंग होम, न्यायालय और धार्मिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में पटाखे जलाने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

कुछ दिन पहले नागरिक उपभोक्ता एवं मार्गदर्शक मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने बाजार में बिक रहे तेज आवाज वाले पटाखों और नकली ग्रीन पटाखों के बारे में प्रशासन को जानकारी दी थी।

मंच ने ग्रीन पटाखों के नाम पर बिक रहे नकली पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की थी। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट और



एनजीटी के निदेर्शों का पालन करने की मांग भी की गई थी।

दिवाली की रातभर फूटते हैं पटाखे

दिवाली से एक-दो दिन पहले ही पटाखे फूटने शुरू हो जाते हैं। दिवाली की रात भी लोग देर तक पटाखे चलाते हैं। जानकारों के मुताबिक, इस दौरान प्रतिबंधित पटाखे भी बड़ी संख्या में फोड़े जाते हैं। तेज आवाज वाले पटाखों से ध्वनि प्रदूषण होता है और पर्यावरण पर भी असर पड़ता है। इसी को देखते हुए प्रशासन ने पटाखे चलाने के समय और उनके प्रकार को लेकर प्रतिबंध लगाए हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर के 2 गोदामों से 645 किलो कैल्शियम कार्बाइड जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में दीपावली और आगामी त्योहारों को ध्यान में रखकर आमजन की सुरक्षा को लेकर ग्वालियर पुलिस अलर्ट मोड पर है। सोमवार रात को थानां बहोड़ापुर और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दो गोदामों पर छापेमारी कर 645 किलो 310 ग्राम प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड जब्त किया है। जिला मजिस्ट्रेट के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन कर बिना लाइसेंस अवैध भंडारण करने पर पुलिस ने दोनों गोदाम संचालकों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित राजा स्टील के गोदाम में भारी मात्रा में खतरनाक रसायन रखा हुआ है। प्रभारी एसपी जयराज कुबेर के निर्देश पर सोमवार रात सीएसपी कृष्ण पाल सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी।

तलाशी के दौरान 6 सीलबंद लोहे के ड्रमों में 600 किलो कैल्शियम कार्बाइड मिला। मौके पर मौजूद रीकेश पसरीजा (35, निवासी शिंदे की छावनी) से भंडारण लाइसेंस मांगा गया, जो वह पेश नहीं कर सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर सामग्री जब्त कर ली।

तीन साल बाद भी अधूरा है सीएम राइज स्कूल का भवन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

अंजड़ में सीएम राइज स्कूल के नए भवन का इंतजार जल्द खत्म होने की उम्मीद है। पिछले तीन साल से चल रहा निर्माण कार्य अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। भवन पूरी तरह तैयार होने के बाद अंजड़ और आसपास के 1000 से अधिक विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। स्कूल के प्राचार्य अंतिम कुमार जैन ने बताया कि ठेकेदार ने दीपावली के बाद भवन विभाग को सौंपने का भरोसा दिया है। हालांकि, निर्माण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह आशंका भी जताई जा रही है कि काम इस शिक्षा सत्र के अंत तक खिंच सकता है। नए भवन में लगभग 40 कमरे होंगे। शिक्षा विभाग की योजना है कि भवन तैयार होते ही आसपास के छोटे स्कूलों को भी इसमें मर्ज (विलय) किया जाएगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए परिसर में बड़ा खेल मैदान और ओपन जिम बनाया जा रहा है। इसके अलावा सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के लिए डांस, संगीत तथा इनडोर गेम्स के अलग-अलग एक्टिविटी रूम भी तैयार किए जा रहे हैं। वहीं, स्कूल में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए विभाग ने जल्द नया स्टाफ नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। पुराना भवन तोड़े जाने के कारण वर्तमान में विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल नई बिल्डिंग के तैयार हो चुके हिस्से और पुराने भवन के बचे हुए कमरों में दो अलग-अलग शिफ्टों (सुबह और दोपहर) में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्राचार्य के अनुसार, नया भवन पूरी तरह हस्तगत होने के बाद सभी कक्षाएं एक ही शिफ्ट में लगने लगेंगी, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों की असुविधा पूरी तरह दूर हो जाएगी।

हर सांसद केन्द्र के एक मंत्रालय के कॉर्डिनेटर बनेंगे

एमपी से जुड़ी योजनाओं, प्रोजेक्ट्स के लिए करेंगे समन्वय, एमपी बीजेपी करेगी नया प्रयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में भाजपा अब केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय के लिए नया प्रयोग करने की तैयारी में है। इसके तहत प्रदेश के प्रत्येक भाजपा सांसद को केंद्र सरकार के एक-एक मंत्रालय के साथ समन्वय की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री निवास पर हुई पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक में यह प्रस्ताव रखा।

प्रस्ताव के मुताबिक, सांसदों को केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों से जुड़े मध्यप्रदेश के मामलों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संबंधित सांसद मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और मध्यप्रदेश के संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) या प्रमुख सचिव (पीएस) के साथ समन्वय करेंगे। इसके बाद दिल्ली में संबंधित केंद्रीय मंत्रालय के साथ संपर्क कर प्रदेश से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे।

इस व्यवस्था का उद्देश्य केंद्र और राज्य के बीच समन्वय को अधिक व्यवस्थित बनाना और मंत्रालयों में लंबित मामलों को आगे बढ़ाना है। अभी प्रदेश के विभिन्न विभागों को केंद्रीय योजनाओं, वित्तीय स्वीकृतियों और परियोजनाओं



से जुड़े मामलों में दिल्ली के मंत्रालयों से संपर्क करना पड़ता है। विभागवार सांसदों की जिम्मेदारी तय होने से इन मामलों की नियमित निगरानी और पैरवी के लिए एक तय माध्यम मिल सकता है।

एमपी की सभी 29 लोकसभाओं पर बीजेपी के सांसद

मध्यप्रदेश से लोकसभा की सभी 29 सीटों पर भाजपा के सांसद हैं। वहीं, राज्यसभा में प्रदेश की एक सीट पर उपचुनाव की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में पार्टी के सामने सांसदों के अनुभव, संबंधित क्षेत्रों की समझ और केंद्र सरकार के मंत्रालयों के साथ उनके संपर्क का उपयोग प्रदेश के प्रशासनिक कामकाज में करने का अवसर होगा।

लंबित मामलों की पैरवी: मध्यप्रदेश के जिन प्रस्तावों, परियोजनाओं या स्वीकृतियों पर केंद्रीय मंत्रालय में निर्णय होना है, सांसद उनकी स्थिति जानकर संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगे। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ समन्वय से प्राथमिकता वाले मामलों की नियमित समीक्षा हो सकेगी। केंद्र की योजनाओं, बजट और परियोजनाओं से जुड़े मामलों में राज्य के विभागों को मंत्रालय तक अपनी बात पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

8 बसें जलने के 24 घंटे बाद भी केस नहीं, साक्ष्य हटने के बाद पहुंची टीम

दिन भर घटनास्थल को कवर नहीं किया गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

आईएसबीटी परिसर में रविवार शाम 6:46 बजे वर्मा ट्रैवल्स की आठ बसों में लगी आग की जांच शुरू होने से पहले ही घटनास्थल से अहम साक्ष्य हटा दिए गए। रविवार को घटना के बाद टीआई गोविंदपुरा अवधेश तोमर ने घटना की जांच के लिए एफएसएल से साक्ष्य इकट्ठा कराने की बात कही थी, लेकिन 24 घंटे तक टीम नहीं पहुंची।

सोमवार को दिन भर घटनास्थल को कवर भी नहीं किया गया। पुलिस और एफएसएल टीम नहीं पहुंचीं। इस बीच यहां रखे तेल के ड्रम, एक्सल, खुले इंजन और अन्य पार्ट्स हटवा दिए गए। घटनास्थल पर झाड़ू लगवा दी गई। भास्कर ने पुलिस से सवाल किए तो रात 7:46 बजे रस्सी और टेप लगाकर घटनास्थल संरक्षित किया गया। कुछ समय बाद एफएसएल टीम पहुंची, लेकिन अंधेरे की बात कहकर वापस लौट आई।

जांच पर उठे तीन बड़े सवाल

1. एफएसएल जांच से पहले ऑयल के ड्रम, एक्सल और इंजन के पार्ट्स किसके निर्देश पर हटाए गए?
2. डिपो में मेंटेनेंस वर्कशॉप चलाने की अनुमति थी या नहीं? बसों का परमिट, बीमा, फिटनेस था या नहीं?
3. पुलिस ने 24 घंटे तक स्पॉट संरक्षित क्यों नहीं किया, क्या इससे साक्ष्यों पर असर नहीं पड़ेगा?

लोग बोले- 8 में से 7 बसें चलने लायक ही नहीं थी

हादसे के बाद संचालक दीपक वर्मा ने दावा किया था कि बसें दिवाली सीजन के लिए तैयार थीं। इन्हें रात में नागपुर और बालाघाट रूट पर जाना था। हालांकि, आईएसबीटी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक आठ में से सात बसें चलने की स्थिति में नहीं थीं। केवल पीली बस को छोड़कर बाकी लंबे समय से रिपेयरिंग के लिए खड़ी थीं। कई के इंजन खुले थे, पहिए गायब थे। कुछ बसें पत्थरों और जैक के सहारे खड़ी थीं।

सीसीटीवी में पीली और स्कैनिया बस के बीच से उठती दिखीं लपटें

फुटेज में पीली बस और स्कैनिया बस के बीच से आग की लपटें उठती दिखीं। इसके बाद आग ने दूसरी बसों को चपेट में ले लिया। उस दौरान कोई बस स्टार्ट कर सुरक्षित स्थान पर नहीं ले जाई जा सकी।



चाबी नहीं मिली स्टार्ट भी नहीं हुई

आग लगने पर ड्राइवरों ने बसें हटाने की कोशिश की, लेकिन पहले चाबियां नहीं मिलीं। चाबियां मिलने पर बसें स्टार्ट नहीं हुईं। दरवाजे भी जाम थे। इस कारण बसें नहीं हटाई जा सकीं और आग फैलती गई। गोविंदपुरा टीआई के मुताबिक, सोमवार रात तक ट्रैवल संचालक एफआईआर के लिए नहीं पहुंचे।

अवैध रेत खनन पर मध्यप्रदेश-राजस्थान की एआई से नजर

अंधेरे में भी नहीं बच पाएंगे रेत माफिया एआई टॉवर भेजेगा तस्वीर-लोकेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुरैना

चंबल नदी में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध रेत खनन करने वालों पर अब एआई से नजर रखी जाएगी। मप्र वन विभाग ने टिकरी-रिठौरा में एआई टॉवर तैयार कर लिया है। यह करीब 5 किमी के दायरे में वाहनों और मशीनों की हलचल पहचानकर उनकी तस्वीरें और जीपीएस लोकेशन वन अधिकारियों तक पहुंचाएगा। खास बात यह है कि हाई-रेंज कैमरे रात में भी साफ तस्वीरें ले सकेंगे। चंबल के राजघाट पर निगरानी राजस्थान वन विभाग करेगा। दरअसल, राजघाट पर नदी का मोड़ ऐसा है कि मप्र की तरफ टॉवर से पूरे घाट की निगरानी नहीं हो सकती। इसलिए मप्र ने राजस्थान सीमा में टॉवर लगाने की अनुमति मांगी थी। राजस्थान अनुमति देने के बजाय खुद टॉवर लगाकर मप्र के राजघाट क्षेत्र की निगरानी करेगा और खनन संबंधी जानकारी मप्र के अफसरों को देगा। सुप्रीम कोर्ट ने मप्र, राजस्थान और उप्र को निगरानी के लिए टॉवर लगाने के निर्देश दिए हैं।

टिकरी-रिठौरा में 45 मीटर ऊंचा टॉवर तैयार, 5 किमी तक नजर

करीब 45 से 50 मीटर ऊंचे टॉवर पर हाई-रेंज कैमरों की मदद से घाट पर वाहन या मशीन की हलचल होने पर सिस्टम उसे पहचानकर तस्वीरें लेगा। इसके बाद अलर्ट और जीपीएस लोकेशन डीएफओ और अभयारण्य अधीक्षक तक पहुंचेगी। इससे रात में होने वाले अवैध खनन पर भी नजर रखी जा सकेगी।

नदी के दोनों ओर होगी निगरानी

राजघाट से आगे टिकरी-रिठौरा अवैध रेत खनन के प्रमुख क्षेत्रों में शामिल है। यहां टॉवर ऐसी जगह लगाया गया है, जहां से चंबल नदी के दोनों ओर आसानी से निगरानी रखी जा सकेगी। वन विभाग के मुताबिक, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन और ट्रायल पूरा होने के बाद इसे चालू किया जाएगा।

ट्रक ने मां, एक महीने के बेटे को कुचला, मौत:पति गंभीर,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

रतलाम में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी और एक महीने के बेटे की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल है। गनीमत रही कि बाइक पर सवार 2 साल की बच्ची दूर जा गिरी, जिससे उसकी जान बच गई।

बताया जा रहा है कि दंपती अपने एक महीने के बेटे को टीका लगवाने नामली लेकर आ रहे थे। इसी दौरान फोरलेन पर कृषि उपज मंडी के गेट के सामने ट्रक की चपेट में आ गए। मृतक महिला की पहचान 25 साल के सुगन और उसके बेटे हर्षित के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, अनिल की पत्नी सुगन (25) ने एक महीने पहले बेटे को जन्म दिया था। इसी सिलसिले में मंदसौर के लामगरी गांव निवासी अनिल रविवार को पत्नी और बच्चों से मिलने अपने ससुराल बड़ौदा गांव आया था। बेटे को एक महीने का टीका लगवाना था। इसके लिए सोमवार सुबह 11:30 बजे अनिल अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ बाइक से नामली स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकला था। करीब 15 मिनट बाद ही परिवार हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि जावरा-रतलाम मार्ग पर नामली से पहले कृषि उपज मंडी गेट के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर अनिल ने बाइक धीमी की। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

मोहन कैबिनेट की बैठक में छह साल पहले हुई खरीदी के टेंडर को मिल सकती है मंजूरी

चमकविहीन गेहूं खरीदी पर फैसला करेगी मध्यप्रदेश सरकार

ठैठक में वन विभाग की कैम्पा निधि के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना पर विचार किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के तहत नवगठित जिलों निवाड़ी, मऊगंज, पांढुर्णा और मैहर में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के गठन के लिए नए पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव भी रखा गया है। जल संसाधन विभाग की तीन प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं की निरंतरता से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी। इनमें छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स, चेटरखेड़ा वृहद सिंचाई और पचमनगर सिंचाई कॉम्प्लेक्स परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा पांच वर्ष की अवधि वाली एक वृहद परियोजना की निरंतरता का प्रस्ताव भी एजेंडे में है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के एजेंडे में वर्ष 2020-21 के दौरान 7 लाख मीट्रिक टन चमक विहीन गेहूं के टेंडर के जरिए निराकरण की प्रक्रिया पूरी करने और 5.80 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निराकरण को कार्योत्तर मंजूरी देने का प्रस्ताव शामिल है।

कैबिनेट में सेवानिवृत्त कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े मामलों पर भी विचार



होगा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के प्रस्ताव में सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड-2 मार्तंड सिंह परिहार की देय पेंशन वापस लेने का विषय है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत पूर्व सहायक यंत्रियों की पेंशन से जुड़े मामले भी एजेंडे में हैं, जिनमें जनपद पंचायत निवाली, जिला बड़वानी का मामला शामिल है। गृह विभाग के तहत पुलिस अधिकारी नीलकंठ बढ़ार की वेतनवृद्धि से जुड़े पुराने मामले पर विचार किया जाएगा। छतरपुर में पदस्थ वैज्ञानिक अधिकारी रितेश चंद्र शुक्ल और दिवंगत आरक्षक 515 अभिषेक सिंह भदौरिया के निजी अस्पतालों में कराए गए उपचार के चिकित्सा देयकों की स्वीकृति के प्रस्ताव भी शामिल हैं।

विधि एवं विधायी कार्य विभाग के तहत जबलपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के चिकित्सा देयकों के भुगतान का प्रस्ताव भी रखा गया है।

सामान्य प्रशासन विभाग के एजेंडे में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) के वेतन-भत्ते, प्रशासनिक भवन निर्माण और विभागीय परिसंपत्तियों के संधारण की योजना जारी रखने का प्रस्ताव है। विधि एवं विधायी कार्य विभाग की योजनाओं को 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रखने पर भी विचार होगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग की स्थापना और कार्यालय व्यय से जुड़ी सात योजनाओं में स्वीकृत मदों को इसी अवधि तक जारी रखने का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल है। आनंद विभाग के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव को राज्य आनंद संस्थान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति देने का प्रस्ताव रखा गया है। नर्मदा घाटी विकास विभाग में शिकायत निवारण प्राधिकरण के सदस्य (न्यायिक) पद पर संविदा नियुक्ति पर भी विचार होगा।

एबीवीपी कार्यक्रम के दौरान छात्रा तीसरी मंजिल से गिरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

झांसी रोड थाना क्षेत्र के पिपरौली स्थित एक निजी कॉलेज में सोमवार शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिर गई। हादसे के बाद कॉलेज परिसर में खलबली मच गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा भूमि दीक्षित को तुरंत शिवपुरी लिंक रोड स्थित एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस को सोमवार रात हादसे की सूचना मिली और रात 10 बजे टीम मौके पर पहुंची। घटना होते ही एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर हटाकर कार्यक्रम जल्दबाजी में खत्म कर दिया। पुलिस ने घायल छात्रा के बयान लेने के लिए तहसीलदार को बुलाया, बयान दर्ज हो गए हैं। छात्रा के गिरने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। झांसी रोड थाना टीआई सुरभि शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। तहसीलदार रामनिवास शर्मा ने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

बम की धमकी के बाद जलसा की सुरक्षा बढ़ी, तबीयत खराब होने के बावजूद फैंस से मिलने पहुंचे अमिताभ बच्चन



मुंबई स्थित अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की धमकी के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। इसके बावजूद बिग बी ने रविवार को अपनी सालों पुरानी परंपरा निभाते हुए घर के बाहर जमा फैंस का अभिवादन किया। इस दौरान बेटे अभिषेक बच्चन भी उनके साथ नजर आए। पुलिस की मौजूदगी और बैरिकेडिंग के बीच फैंस से उनकी मुलाकात चर्चा में रही।

अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने बंगले जलसा के बाहर आकर फैंस का अभिवादन करते हैं। इस परंपरा को संडे दर्शन कहा जाता है। 25 अक्टूबर को भी उन्होंने यह सिलसिला जारी रखा, लेकिन इस बार बंगले के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

हाल ही में अमिताभ बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी। रविवार को जलसा के बाहर बड़ी संख्या में फैंस अपने पसंदीदा अभिनेता की झलक पाने पहुंचे थे। पुलिसकर्मी बैरिकेड्स के पास तैनात रहे और भीड़ पर नजर रखते दिखाई दिए। इस बार संडे दर्शन के दौरान अमिताभ बच्चन के साथ बेटे अभिषेक बच्चन भी मौजूद रहे। अमिताभ घर के बाहर आकर फैंस का अभिवादन कर रहे थे, तब अभिषेक उनके पीछे खड़े नजर आए। आमतौर पर अमिताभ इस परंपरा के दौरान अकेले फैंस के सामने आते हैं। ऐसे में अभिषेक की मौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा।

आखिरी फिल्म में बीहड़ के बागी बने दिखेंगे नाना पाटेकर

40 डिग्री में शूटिंग की, इरफान खान को बहुत याद करते थे

दिवंगत अभिनेता नाना पाटेकर ने अपनी आखिरी फिल्म दिनेश विजन की मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी शक्तिशालिनी में काम किया। उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की खासियत इसकी कहानी और स्टारकास्ट के साथ उसकी दुनिया भी है।

यह पारंपरिक हॉरर-कॉमेडी से अलग है। इसमें सोशल सिचुएशन, रियल लाइफ से इंस्पायर्ड घटनाओं और चंबल के बीहड़ों को अहमियत दी गई है। नाना का किरदार कॉमिक अंदाज के बजाय गंभीरता और बागी तेवरों वाला है। फिल्म को मुंज्या और थामा फेम आदित्य सरपोतदार ने डायरेक्ट किया है और गुल्लक फेम दुर्गेश सिंह ने कहानी लिखी है।

सूत्रों के मुताबिक, फिल्म को हॉरर-कॉमेडी की कैटेगरी में रखना सही नहीं होगा। इसकी कहानी गंभीर ड्रामा पर आधारित है, जिसमें सोशल सिचुएशन से पैदा होने वाला डर और टेंशन अहम हैं। फिल्म में हॉरर एलिमेंट है, लेकिन कॉमेडी के जरिए दर्शकों को डराना इसका मकसद नहीं है। कहानी की परिस्थितियों और सोशल बैकग्राउंड से बेचैनी पैदा करने की कोशिश की गई है। इसलिए इसे सोशल हॉरर-ड्रामा माना जा रहा है।

फिल्म की कहानी रियल घटनाओं से इंस्पायर्ड बताई जा रही है। हालांकि, इंस्पिरेशन लेने और किसी घटना को हूबहू पर्दे पर दिखाने में फर्क है। अभी साफ नहीं है कि स्क्रिप्ट वास्तविक घटनाओं को किस हद तक फॉलो करती है और कहां क्रिएटिव लिबर्टी ली गई है। सूत्र इसकी कहानी और बैकग्राउंड को दूसरी हॉरर-कॉमेडी फिल्मों से अलग बता रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग चंबल रीजन, ग्वालियर और आसपास की लोकेशंस पर हुई। भिंड और मुरैना में भी शूटिंग का जिक्र है। इन जगहों की भौगोलिक बनावट, बीहड़ों का फैलाव और माहौल फिल्म को अलग विजुअल अपील दे सकता है। ऐसी फिल्मों में लोकेशन सिर्फ बैकग्राउंड नहीं होती, बल्कि किरदारों की सोच और स्ट्रगल समझने में भी मदद करती है।



40 डिग्री तापमान में नाना ने की शूटिंग

सूत्रों के मुताबिक, शूटिंग का शेड्यूल लंबा था और कलाकारों ने गर्म मौसम में भी काम किया। ग्वालियर और बीहड़ वाले इलाकों में करीब 40 डिग्री तापमान में शूटिंग हुई। नाना पाटेकर के लिए बीहड़ों में शूटिंग अलग अनुभव था। बताया जाता है कि उन्होंने पहले इस तरह के माहौल में शूटिंग नहीं की थी। इसके बावजूद उन्होंने पेशेवर अंदाज में शूटिंग पूरी की।

नाना का किरदार होगा सीरियस, कॉमेडी से बिल्कुल अलग

नाना पाटेकर का किरदार गंभीर और बागी तेवरों वाला है। इसे उनके लोकप्रिय कॉमिक किरदारों की अगली कड़ी नहीं माना जा रहा। किरदार बीहड़ों की उस दुनिया से जुड़ा है, जहां संघर्ष, सोशल प्रेशर और अपने तरीके से जीने की जिद अहम है। हालांकि, उसकी पूरी बैकस्टोरी और कहानी में भूमिका को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है।

अनीत पड्डा ने नाना से लिए एक्टिंग टिप्स

सूत्रों के मुताबिक, नाना पाटेकर ने शूटिंग के दौरान युवा कलाकारों से अपने अनुभव साझा किए। अनीत पड्डा के करियर के लिहाज से यह बड़े स्केल का प्रोजेक्ट बताया जा रहा है। नाना जैसे सीनियर एक्टर के साथ काम करना उनके लिए सीखने का मौका रहा। उनका एक्टिंग एक्सपीरियंस, सीन समझने का तरीका और किरदार की बारीकियों पर ध्यान देने की आदत युवा कलाकारों के लिए उपयोगी रही।

सारा अली खान ने किए केदारनाथ के दर्शन, बर्फबारी में ठिठुरीं,



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने गुपचुप तरीके से केदारनाथ के दर्शन किए हैं। वह रविवार को हेलिकॉप्टर से धाम पहुंचीं। उनके पहुंचने के बाद धाम में बर्फबारी भी हुई। ठंड के कारण सारा लोगों के बीच ठिठुरती हुई नजर आईं। इस दौरान उन्होंने मंदिर के कर्मचारियों और अधिकारियों से दूरी बनाए रखी।

सारा करीब आधे घंटे तक लाइन में खड़ी रहीं। इस दौरान वहां मौजूद लोग उन्हें पहचान नहीं पाए। सारा को ठिठुरते हुए देखकर वहां खड़ी महिलाओं ने उन्हें शॉल देने की पेशकश की, लेकिन वे उन्हें पहचान नहीं सकीं। सारा अपने दोस्तों के साथ धाम पहुंची थीं। उन्होंने केदारनाथ के रक्षक बाबा भुकुंट भैरव के दर्शन भी किए।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इस साल गैर-सनातनियों के मंदिर में प्रवेश पर रोक लगाने की बात कही थी। समिति ने तब कहा था कि केदारनाथ में प्रवेश के लिए सारा अली खान को पहले एफिडेविट देकर यह बताना होगा कि उनकी सनातन धर्म में आस्था है। विवाद बढ़ने पर अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा था कि सनातन धर्म में आस्था रखने वाले सभी लोगों का स्वागत है।

पिछले साल भी 22 अक्टूबर को दर्शन करने आई थीं सारा

एक्ट्रेस सारा अली खान 22 अक्टूबर 2025 को भी केदारनाथ के दर्शन करने पहुंची थीं। उन्होंने अपनी यात्रा की कई तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए थे। मंदिर में दर्शन करने की तस्वीरों के साथ उन्होंने अपनी एक स्टोरी में लिखा था, अगले साल फिर बुलाना। केदारनाथ धाम के प्रति अपनी आस्था और भावनाएं जाहिर करते हुए सारा ने लिखा था, जय श्री केदार। दुनिया की इकलौती ऐसी जगह, जो पूरी तरह जानी-पहचानी लगती है और आज भी हर बार मुझे हैरान कर देती है। सिर्फ शुक्रिया। मेरे पास जो कुछ भी है, मुझे देने और मुझे वह सब बनाने के लिए शुक्रिया, जो मैं हूं।

रामायण का गाना मंगल रंग विवादों में

रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण का नया गाना 'मंगल रंग' रविवार को जारी कर दिया गया। एआर रहमान के संगीत में बने इस गाने को अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने गाया है।

गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गया है। लोगो ने गाने में कव्वाली और सूफी बीट्स के इस्तेमाल पर संगीतकार एआर रहमान की आलोचना की है।

वहीं, गाने के एक सीन में राम-सीता के विवाह के दौरान दिखाई गई रस्म को हल्दी बताकर भी लोग ट्रोलिंग कर रहे हैं, हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार वह हल्दी नहीं बल्कि चुमावन की पारंपरिक रस्म है। सोशल मीडिया यूजर्स ने गाने की धुन को लेकर अपनी नाराजगी जताई है। कई यूजर्स का कहना है कि वाल्मीकि रामायण पर आधारित फिल्म में सूफी और कव्वाली शैली का संगीत जोड़ना सांस्कृतिक रिसर्च की कमी को दशार्ता है। यूजर्स का तर्क है कि इस पौराणिक महाकाव्य के गानों में बॉलीवुड फिल्मों जैसी धुन की जगह शुद्ध संस्कृत और पारंपरिक संगीत का इस्तेमाल किया जाना चाहिए था। एआर रहमान का संगीत उम्मीदों के मुताबिक न होने की बात कहकर लोग गाने पर कमेंट्स कर रहे हैं।


हल्दी की रस्म समझकर सोशल मीडिया पर विवाद

गाने के एक दृश्य में दिखाया गया है कि रणबीर कपूर (भगवान राम) को कुछ महिलाएं टीका-हल्दी लगा रही हैं और पीछे साई पल्लवी (माता सीता) खड़ी हैं।

इस सीन को देखकर सोशल मीडिया पर लोगों ने दावा किया कि मेकर्स ने शादी से पहले होने वाली हल्दी की रस्म को गलत तरीके से दिखाया है।

यूजर्स ने सवाल उठाया कि पारंपरिक हिंदू विवाह में दूल्हा और दुल्हन कभी एक साथ हल्दी की रस्म में नहीं बैठते, फिर फिल्म में ऐसा क्यों दिखाया गया। सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग के बीच मीडिया रिपोर्ट्स और जानकारों ने साफ किया है कि यह सीन हल्दी का नहीं है। असल में यह पूर्वी भारत और मिथिला क्षेत्र में शादी के दौरान निभाई जाने वाली पारंपरिक चुमावन रस्म है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः जो बेवकूफ है
वो खड़ा हो जाए
टीटूः खड़ा हो गया
टीचरः तुम बेवकूफ हो ?
टीटूः नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं
मुझे अच्छा नहीं लगा

टीचरः 4 और 4 कितने होते हैं?
टीटूः 10 होते हैं।
टीचरः 8 होते हैं
नालायक
टीटूः हम दिलदार घर से हैं
2 मैंने अपने खुद के भी डाले हैं। ??

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. जी, इच्छा, चित्त-2
2. तन, बदन, देह-3
4. अग्निदग्ध-2
6. रनिवास (उर्दू-3)
7. स्नान करना-3
8. विश्राम-3
9. राजा, सम्राट-3
10. वचन, प्रतिज्ञा-3
11. तरंग, हिलोर-3
13. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
14. सही का विलोम-3
15. सदपुरुष-2
16. पाठ, शिक्षा-3
17. कर्ता, कार्य करनेवाला-3
18. इज्जत, मान, सम्मान-3
19. सब कुछ छीन लेना-2
20. भवन, प्रासाद-3
21. वजह-3
23. खेल दिखाने वाला-2
24. पेन, लेखनी-3
25. ठाठ-बाट-2

ऊपर से नीचे

1. राय, वोट, अभिप्राय-2
2. लाज, लज्जा-2
3. 500 कागजों की गड्डी-2
4. दुनिया, जगत-3
5. लेकर आना-2
6. अवैध, नाजायज-3
7. निगाह, दृष्टि-3
8. बैठने की जगह-3
9. आराम, मदद-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. लगन, जिद, उत्साह-3
12. दांपत्य संबंध विच्छेद-3
14. जवान, तरुण-3
15. रिक्त जगह पूर्ण करना-3
16. दुर्बल का विलोम-3
17. वजह-3
18. पदचाप, किसी के आने की आवाज-3
19. रनिवास (उर्दू-3)
20. जी, इच्छा, चित्त-2
21. समयगति-2
22. देह, बदन-2

माथा पच्ची

11		5		40		1	=	15
20		20		20		20	=	40
10		5		45		25	=	25
60		4		3		20	=	25
=		=		=		=		=
81		16		45		25	=	3 / 45

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ब	म	मा	हे	लो	ब्र	द	र	ह	क	ल	
ल	वी	सू	ह	नु	ल	जी	स	ल	क	क	
हे	बी	औ	द	अं	ला	त	र	म	ल	भी	
रा	र	दा	र	ल	क	म	ओ	र	सु	अ	
म	स	न	प	व	म	मी	छ	या	न	ल	
प	मी	त्या	स	जि	व	क	प	वू	स	गि	
के	ह	बु	की	ठी	म	ली	टे	ल	र	या	
न	पू	कु	छ	कु	छ	हो	ता	है	प	ना	
प	हे	ली	सू	ह	प	ने	ने	ल	जी	क	
म	व	म	व	प्र	दी	र	ह	वी	क	ह	
म	ह	न	ह	म	तु	म	न	ज	ल	ना	

शब्दजाल में रानी मुखर्जी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

कभी अलविदा ना कहना, बाबूल, पहेली, हमतुम, सत्या, हे राम, हैलो ब्रदर, गुलाम, बंटी और बबली, कुछ कुछ होता है

अष्टयोग

1	6		4		7	
	30	3	21		35	
7	5			4	2	6
	33	6	39		31	
4			7	6	1	
	33	4	42		26	1
3	1		6		5	4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

50	+	2	-	5	x	2	=	40
-		+		+		+		-
40	x	4	-	80	-	50	=	30
+		-		-		-		+
80	+	5	-	50	-	25	=	10
-		x		+		-		-
40	-	20	x	4	+	4	=	20
=		=		=		=		=
50	+	20	-	39	-	23	=	28

अष्टयोग का हल

1	6	5	4	3	7	2
5	42	7	33	1	23	3
7	5	6	3	4	2	1
2	32	3	38	7	32	6
4	3	2	7	6	1	5
6	24	1	33	5	35	4
3	1	4	6	2	5	7

शब्दजाल का हल



सूडोकु नवताल

मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1



ट्रम्प ने नोबेल न मिलने पर नॉर्वे को गाली दी

बोले- वहां के लोगों को अमेरिका नहीं आने देना चाहता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने नॉर्वे को गाली देते हुए कहा कि वे वहां से किसी को अमेरिका नहीं आने देना चाहते हैं। ट्रम्प ने मिशिगन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा मैंने 8 जंग रुकवाई। फिर भी मुझे नोबेल नहीं मिला। मैं नॉर्वे से किसी को यहां आने देना नहीं चाहता। ट्रम्प ने फ्रांस में हाल में हुई हिंसा के लिए प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद नॉर्वे की आलोचना करते हुए कहा कि वह एक घटिया देश बन गया है। ट्रम्प लंबे समय से दावा करते रहे हैं कि उनके कूटनीतिक प्रयासों के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें अब सिर्फ ईरान और यूक्रेन जंग सुलझाने हैं।

ट्रम्प ने बताया कि पुरस्कार की घोषणा से पहले उन्हें उम्मीद थी कि यह सम्मान मिलेगा। उन्होंने अपनी पत्नी से भी कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार मिलना उनके लिए सम्मान की बात होगी।

शांति पुरस्कार नॉर्वे की सरकार नहीं देती

नोबेल शांति पुरस्कार का फैसला नॉर्वे की सरकार नहीं करती। विजेता का चुनाव स्वतंत्र नॉर्वेजियन नोबेल समिति करती है। इस समिति में पांच सदस्य होते हैं, जिन्हें नॉर्वे की संसद नियुक्त करती है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर पहले भी ट्रम्प को यह बात समझा चुके हैं कि पुरस्कार का फैसला सरकार नहीं करती।



ट्रम्प 2018 से नोबेल शांति पुरस्कार मांग रहे

ट्रम्प के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कोई नई बात नहीं है। अक्टूबर 2018 में एक कार्यक्रम में ट्रम्प ने नोबेल शांति पुरस्कार का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्हें शायद यह पुरस्कार कभी नहीं मिलेगा, भले ही ने कोरिया और सीरिया में शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हों। इसके बाद फरवरी 2019 में उन्होंने खुलकर अपनी दावेदारी रखी। कहा कि जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने उन्हें नोबेल के लिए नामित किया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इसे कभी नहीं जीत पाऊंगा।

2019 में पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में ट्रम्प ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें कई चीजों के लिए नोबेल मिलेगा, अगर पुरस्कार निष्पक्ष तरीके से दिया जाए।

2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी ट्रम्प ने नोबेल का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा से अपनी तुलना करते हुए कहा था कि अगर ओबामा को यह पुरस्कार मिल सकता है तो उन्हें भी मिलना चाहिए।

जुलाई 2025 में नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग से फोन पर बातचीत में ट्रम्प ने नोबेल पुरस्कार पाने की इच्छा जताई थी। यह जानकारी नॉर्वे के अखबार की रिपोर्ट के हवाले से आई थी।

नवी पिल्लै को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर ट्रम्प नाराज हो गए थे

2026 का नोबेल शांति पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका की नवी पिल्लै को मिला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस पर नाराजगी जताई थी। 9 अक्टूबर को उन्होंने पिल्लै पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्हें कोई नहीं जानता।

प्रधानमंत्री ने खुद इन्हें रखा था, इन पर लिखा था- बातचीत करें

अल्बानिया में छात्रों ने पीएम ऑफिस की कुर्सियां जलाईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिराना

अल्बानिया में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय के बाहर रखी कुर्सियों में आग लगा दी। प्रधानमंत्री एडी रामा ने छात्रों से बातचीत करने के लिए ये कुर्सियां और पत्थर की एक बड़ी मेज रखवाई थी। कुर्सियों पर डायलॉग यानी बातचीत लिखा था, लेकिन छात्रों ने बातचीत के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कुर्सियों पर इस्तीफा लिखकर अपना विरोध जताया।

राजधानी तिराना में छात्र और युवा पिछले 13 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को प्रदर्शनकारी पहले शिक्षा मंत्रालय के बाहर जुटे। यहां उन्होंने कुछ देर तक प्रदर्शन किया और इमारत पर पत्थर भी फेंके। इसके बाद वे प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर बढ़ गए और वहां रखी कुर्सियों में आग लगा दी। विश्वविद्यालयों में पढ़ाई और सुविधाओं की स्थिति सुधारी जाए। पढ़ाई का खर्च कम किया जाए और छात्रों को आर्थिक मदद मिले। पढ़ाई पूरी करने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच हो और सरकार जवाबदेही तय करे। प्रधानमंत्री एदी रामा इस्तीफा दें।

तिराना में छात्रों के सरकार विरोधी प्रदर्शन



के दौरान सुरक्षाघेरा बनाए हुए पुलिसकर्मी। तस्वीर 24 अक्टूबर 2026 की है। एदी रामा सरकार के खिलाफ शुरू हुआ विरोध अब भ्रष्टाचार, शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण से जुड़े कई मुद्दों पर फैल गया है। इस विरोध की एक बड़ी वजह सरकारी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर से जुड़ी लग्जरी रिसॉर्ट परियोजना को लेकर भी कई महीनों से नाराजगी है।

योजना के तहत दो प्रमुख क्षेत्रों में पर्यटन विकास की बात है:

सान्जान द्वीपः एड्रियाटिक सागर में स्थित यह द्वीप बड़े पर्यटन परिसर के लिए प्रस्तावित है। व्योसा-नार्ता का तटीय इलाकाः यह दक्षिणी अल्बानिया का संवेदनशील प्राकृतिक क्षेत्र है, जहां फ्लेमिंगो समेत कई पक्षी और समुद्री जीव पाए जाते हैं। परियोजना से जुड़े प्रस्ताव में लग्जरी होटल, विला, अपार्टमेंट और नौकाओं के लिए बंदरगाह जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

पर्यावरण संगठनों को आशंका है कि बड़े निर्माण से समुद्र तट, आर्द्रभूमि और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंच सकता है। इस इलाके में प्रवासी पक्षियों के अलावा समुद्री कछुए और सील जैसे जीव भी पाए जाते हैं। पश्चिमी अल्बानिया के नार्ता लैगून क्षेत्र का इलाका। यहां जेरेड कुशनर से जुड़ी तटीय विकास की एक बड़ी परियोजना का विरोध हो रहा है। प्रधानमंत्री एडी रामा ने हिंसा और शहर में तोड़फोड़ रोकने के लिए नए कानूनी उपायों का ऐलान किया है। इसके तहत हिंसा में नुकसान उठाने वाले कारोबारियों को मुआवजा दिया जाएगा।

छोटे कारोबारियों को पूरा मुआवजा मिलेगा

रामा ने कहा है कि सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को इसकी भरपाई करनी होगी। नुकसान की भरपाई जनता के टैक्स के पैसे से नहीं, बल्कि जिम्मेदार लोगों से कराई जाएगी। अगर कोई व्यक्ति जानता है कि भीड़ में हिंसा हो रही है और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, फिर भी वहां बना रहता है, तो उस पर 5 लाख लेक (करीब ?5.7 लाख) तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है।

नाबालिगों के जुमार्ने और नुकसान की भरपाई की जिम्मेदारी उनके माता-पिता से होगी।

पत्रकारों, डॉक्टरों, निगरानी करने वालों, ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों और वहां से गुजर रहे लोगों को इससे छूट मिलेगी। नए नियमों से लोगों के प्रदर्शन करने और अपनी बात रखने की आजादी पर रोक नहीं लगेगी।

नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली मारिया मचाडो वेनेजुएला लौटीं

7 बार लौटने में नाकाम रहीं, गिरफ्तारी का खतरा था; अमेरिका ने सरकार से समझौता कराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराकस

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो करीब 10 महीने बाद अपने देश लौट आई हैं। नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के बाद वे पिछले साल देश छोड़कर चली गई थीं। दिसंबर 2025 में वह नोबेल शांति पुरस्कार लेने छिपकर वेनेजुएला से नॉर्वे गई थीं। इस साल की शुरूआत में अमेरिका ने वेनेजुएला में तख्तापलट कर दिया। इसके बाद भी गिरफ्तारी के खतरे की वजह से वे देश नहीं लौट पाई थीं।

मचाडो कुछ समय अमेरिका में रहीं फिर वे पनामा चली गई थीं। उनके करीबी लोगों ने बताया कि वे कम से कम 7 बार लौटने की कोशिश कर चुकी थीं, लेकिन असफल रहीं। अमेरिका ने सुरक्षा कारणों से उन्हें जल्दबाजी में नहीं लौटने की सलाह दी थी। इसके बाद अमेरिकी अधिकारियों ने पनामा और कोलंबिया की सरकारों के बीच तालमेल बनाकर उनके लौटने की राह बनाई।

2024 के पिछले राष्ट्रपति चुनाव में मचाडो खुद उम्मीदवार नहीं बन पाई थीं। सरकार ने उन पर 15 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी जगह एडमंडो गोंजालेज को उम्मीदवार बनाया, जिन्हें विपक्ष का समर्थन हासिल था। विपक्ष का दावा है कि गोंजालेज ने चुनाव जीता था, लेकिन सरकार ने निकोलस मादुरो को विजेता घोषित कर दिया। अब मचाडो चाहती हैं कि वेनेजुएला में अगले साल जुलाई तक चुनाव करा लिए जाएं। वे खुद भी राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहती हैं। फिलहाल देश की अंतरिम नेता डेल्सी रोड्रिगेज हैं। उन्होंने कहा है कि देश में चुनाव होंगे, लेकिन अभी इसकी तारीख नहीं बताई है।



मादुरो के पकड़े जाने के बाद सत्ता बदली

अमेरिकी सेना ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने डेल्सी रोड्रिगेज को अंतरिम नेता के तौर पर समर्थन दिया। मचाडो के अमेरिका के कई नेताओं से पुराने संबंध रहे हैं। इसके बावजूद ट्रम्प सरकार ने उन्हें सत्ता सौंपने के बजाय रोड्रिगेज का साथ दिया। ट्रम्प कई बार रोड्रिगेज की तारीफ भी कर चुके हैं।

तमिलनाडु की थेनी सब-जेल से 17 कैदी फरार

पुलिस ने एक को पकड़ा, बाकी की तलाश के लिए 17 टीमें सर्च ऑपरेशन में जुटीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की उप-जेल में सोमवार देर रात एक ही सेल में बंद 17 कैदी सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर फरार हो गए। पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया और 17 फरार कैदियों में से एक को दोबारा गिरफ्तार कर लिया है। बाकी बचे 16 फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस ने 17 विशेष टीमें गठित की हैं।

साउथ क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विजयेंद्र बिदारी ने बताया कि सुरक्षा टीमें सभी चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच कर रही हैं। पड़ोसी जिलों की पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और वहां हाई अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, डिंडीगुल एसपी एस. जयकुमार ने बताया कि पड़ोसी डिंडीगुल जिले में 16 जगहों पर नए चेक पोस्ट बनाए गए हैं।

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, यह पूरी वारदात बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दी गई। सोमवार रात सभी 17 आरोपी उप-जेल की एक ही सेल में बंद थे। कैदियों ने नाटक किया कि उनमें से एक की तबीयत बहुत खराब है और उसे दौरे आ रहे हैं। जब जेल के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी सेल का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए, तो घात लगाए बैठे सभी कैदियों ने उन पर अचानक हमला बोल दिया और जेल से भाग निकले। कैदियों के हमले में एक पुलिसकर्मी के सिर में गंभीर चोटें आई है। उन्हें जी. विलाक्कु के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, जेल के दो अन्य पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटें आई हैं।

ईरानी राष्ट्रपति बोले- मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए

नई दिल्ली। ईरान के साथ जंग रोकने और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के अधिकारी सोमवार को तेहरान पहुंचे। यहां उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और दूसरे अधिकारियों के साथ बैठक की। पजशकियान ने कहा कि मुस्लिम देशों को एकजुट होकर क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए काम करना चाहिए। यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर जल्द हमला करने की धमकी दी थी। बैठक के दौरान पजशकियान ने कहा कि क्षेत्र के देशों को अपने लोगों के खिलाफ खतरों का मिलकर सामना करना चाहिए। आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाना चाहिए और सहयोग बढ़ाना चाहिए।

सर्बिया में छात्र संगठनों ने चुनाव जीता, सड़कों पर जश्न

पुतिन समर्थक पीएम पद के उम्मीदवार वुचिच हारे; देश में 2 साल से प्रदर्शन चल रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेलग्रेड

सर्बिया में छात्र संगठनों के गठबंधन ह्यस्टूडेंट लिस्टह्व ने चुनाव जीत लिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के करीबी पूर्व राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच की पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। वे ढट पद के उम्मीदवार थे। उन्होंने सितंबर में ही राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था।

वुचिच के मुताबिक, छात्र गठबंधन को संसद की 250 में से कम से कम 135 सीटें मिली हैं। वहीं, वुचिच की पार्टी को करीब 105 सीटें मिलने का अनुमान है। छात्र गठबंधन को करीब 22 लाख वोट और वुचिच की पार्टी को 17.2 लाख वोट मिले। अंतिम आधिकारिक नतीजे अभी घोषित नहीं हुए हैं। छात्र संगठन पिछले 2 साल से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।



उनका आरोप था कि भ्रष्टाचार और तानाशाही की सरकार चल रही है।

वुचिच के हार मानने के बाद राजधानी बेलग्रेड समेत कई शहरों में लोगों ने जश्न मनाया। हजारों लोग सड़कों पर आ गए। लोगों ने सर्बिया के झंडे लहराए, गाड़ियों के हॉर्न बजाए और पटाखे फोड़े। जश्न मनाने वालों में बड़ी संख्या युवाओं की थी।

चुनाव में करीब 70% लोगों ने वोट डाले। 1992 में यूगोस्लाविया के टूटने के बाद से यह सबसे ज्यादा मतदान वाले चुनावों में से एक माना जा रहा है।

16 लोगों की मौत के बाद शुरू हुआ था आंदोलन

नवंबर 2024 में सर्बिया के नोवी साद शहर के रेलवे स्टेशन की छतरी गिर गई थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद छात्रों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया।

छात्रों ने निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर सवाल उठाए। धीरे-धीरे आंदोलन बढ़ता गया। छात्र सरकार पर भ्रष्टाचार और सत्ता का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाने लगे। वुसिच ने अपनी हार के लिए अमेरिका और यूरोप के वामपंथी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन विदेशी ताकतों ने उनकी सरकार के खिलाफ आंदोलन को बढ़ावा दिया।

जज पिता पर केस दर्ज करने हाईकोर्ट की मंजूरी

केरलम में नाबालिग बेटे ने मर्सिडीज से स्कूटर सवार को मारी थी टक्कर, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोच्चि

केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज और मर्सिडीज के मालिक पिता के खिलाफ केस दर्ज करने की अनुमति दे दी। जज पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199ए के तहत केस दर्ज हुआ है। हाईकोर्ट ने मामले में रिपोर्ट भी मांगी है। जज के 17 वर्षीय बेटे की कार से रविवार सुबह चेरानल्लूर में 55 वर्षीय दुकानदार जयबालकृष्णन की मौत हो गई थी।

पुलिस ने पहले उस पर लापरवाही से मौत का केस दर्ज कर थाने से जमानत दे दी थी। परिवार और स्थानीय लोगों के विरोध के बाद गैर-इरादतन हत्या की धारा जोड़ी गई और उसे दोबारा हिरासत में लेकर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में पेश किया गया। बोर्ड ने उसे फिर जमानत दे दी थी। इसके बाद मृतक के परिवार ने थाने के सामने धरना जारी रखा। यह मुद्दा सोमवार को केरलम विधानसभा में भी उठा।

ट्रम्प समर्थक बोल्सोनारो को हराया, उनके पिता को भी हरा चुके

लूला दा सिल्वा चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति बने, भारत के लिए जीत अहम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्राजीलिया

ब्राजील में लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थक फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया है। लूला ने 2022 के चुनाव में फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को भी हराया था।

पहले दौर की वोटिंग में लूला, फ्लावियो बोल्सोनारो से पिछड़ गए थे, लेकिन दूसरे दौर में बाजी पलट दी। फ्लावियो को पहले चरण में 47% वोट मिले थे। वहीं लूला को 45% वोट मिले थे।

1989 में ब्राजील में सीधे राष्ट्रपति चुनाव शुरू हुए थे। उसके बाद यह पहली बार हुआ, जब पहले राउंड में दूसरे नंबर पर रहने वाला उम्मीदवार आखिरी राउंड में जीतकर राष्ट्रपति बना। 80 साल के लूला लंबे समय से ब्राजील की राजनीति का बड़ा चेहरा रहे हैं। उन्होंने पहली बार 1989 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था,



लेकिन जीत के लिए उन्हें 2002 तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद 2006 में भी वे राष्ट्रपति चुने गए।

लूला का नाम ब्राजील के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामलों में शामिल रहा है। 2017 में एक अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग यानी गैरकानूनी तरीके से कमाए गए पैसे को छिपाने का दोषी ठहराया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने सरकारी ठेके दिलाने में एक निर्माण कंपनी की मदद की और बदले में कंपनी से फायदा लिया। इस मामले में उन्हें 9 साल 6 महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। बाद में अपील अदालत ने सजा बढ़ाकर 12 साल 1 महीने कर दी।

अप्रैल 2018 में लूला को जेल भेज दिया गया। वे करीब डेढ़ साल जेल में रहे और नवंबर 2019 में रिहा हुए। इस मामले के चलते वे 2018 का राष्ट्रपति चुनाव भी नहीं लड़ पाए। मार्च 2021 में ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने लूला को दोषी ठहराने का फैसला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जिस अदालत ने उनके मामले की सुनवाई की थी, उसे ऐसा करने का अधिकार नहीं था।

ब्राजील में 2 चरणों में होता है राष्ट्रपति चुनाव

1. पहला चरणः ब्राजील में सभी उम्मीदवार चुनाव लड़ते हैं। अगर किसी को 50% से ज्यादा वोट मिल जाते हैं, तो वह सीधे राष्ट्रपति बन जाता है। अगर किसी को इतने वोट नहीं मिलते, तो सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवार दूसरे चरण में पहुंचते हैं।

2. दूसरा चरणः इन दोनों उम्मीदवारों के बीच फिर से वोटिंग होती है। पहले चरण में बाहर हुए उम्मीदवारों के वोट अपने आप किसी को नहीं मिलते। दूसरे चरण में जिसे ज्यादा वोट मिलते हैं, वही राष्ट्रपति बनता है।

पहले राउंड में पिछड़ने के बाद लूला कैसे जीते

पहले राउंड में जो उम्मीदवार हार गए, उनके समर्थकों को दूसरे राउंड में लूला या फ्लावियो में से किसी एक को वोट देना था। इससे जीत का पूरा हिसाब बदल गया। चुनाव से पहले हुए सर्वे में 49% महिलाओं ने लूला का समर्थन किया, जबकि फ्लावियो को 40% महिलाओं का समर्थन मिला था। सर्वे में 52% कैथोलिक वोटरों ने लूला का समर्थन किया, जबकि फ्लावियो को 42% का समर्थन मिला था। लूला ने कहा कि ब्राजील को अपने फैसले खुद लेने चाहिए। उन्होंने अमेरिका के दबाव के बीच देश की आजादी बनाए रखने पर जोर दिया। इससे भी मतदाता प्रभावित हुए।

■ वर्ष-12 अंक-353 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

तस्याग्निर्जलमर्णवः स्थलमरिर्मित्रं सुराः किंकराः
कान्तारं नगरं गिरिः गृहमहिर्माल्यं मृगारिः मृगः।

भावार्थ : जो सत्य वचन बोलता है, उसके लिए अग्नि जल बन जाता है, समंदर जमीन, शत्रु मित्र, देव सेवक, जंगल नगर, पर्वत घर, साँप फूलों की माला, सिंह हिरन, पाताल दर, अस्त्र कमल, शेर लोमडी, झहर अमृत, और विषम सम बन जाते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 27 अक्टूबर, 2026

संयोजयति विद्यैव नीचगापि नरं सरित्।
समुद्रमिव दुर्धर्षं नृपं भाग्यमतः परम्।।

भावार्थ : जिस प्रकार नीचे की ओर बहने वाली नदी नाव में बैठे व्यक्ति को अगम्य समुद्र में ले जाती है, उसी प्रकार निम्न जाति में पारित ज्ञान भी उस व्यक्ति को राजा से मिलवाता है; और राजा के मिलने के बाद उसकी किस्मत खिल जाती है।

सम्पादकीयम्

विषमसङ्ख्यायुक्तेषु

किमर्थं न इति नियमं कार्यान्वितम्? विषमसङ्ख्यायुक्तेषु तिथौ बालिकाः तः परं बहिः गच्छन्ति, बालकाः तु गृहे एव तिष्ठन्ति; समसङ्ख्यायुक्तेषु तिथौ बालकाः बहिः गच्छन्ति, बालिकाः गृहे एव तिष्ठन्ति। यथा वयं प्रदूषणं निवारयितुं वाहनैः सह कृतवन्तः, अपराधनिवारणाय मनुष्यैः सह अपि तथैव कुर्मः। यदि च तत् न कार्यं करोति तर्हि कदाचित् वयं केवलं उद्यानानां बहिः चिह्नानि स्थापयितुं शक्नुमः यत् अद्य बालिकानां प्रवेशः निषिद्धः इति। किन्तु बालिकायाः निवारणं सर्वेभ्यः सुलभतमं समाधानम् अस्ति। एषः व्यङ्ग्यः कियत् अपि अमूर्तः इव भासते, अस्माकं वास्तविकं मानसिकता तस्मात् दूरं नास्ति। दिल्लीनगरस्य कल्काजीक्षेत्रे आस्थाकुञ्जपार्कइत्यत्र त्रयाणां पुरुषाणां नाबालिगस्य बालिकायाः सामूहिकबलात्कारस्य कथितं घटना प्रकाशं प्राप्तवती पुलिसस्य मते अभियुक्ताः पुलिसकर्मचारिणः इति अभिनयं कृत्वा बालिकां तस्याः मित्रं च विरहं कर्तुं भयभीताः अभवन्। ततः परं त्रयाणां अपि अभियुक्तानां गृहीतस्य समाचारः उद्भूतः अस्ति। अस्याः घटनायाः कारणात् उद्यानस्य सुरक्षाव्यवस्थायाः विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः; १४२ एकरपरिमितस्य उद्यानस्य अन्तः प्रकाशस्य, निगरानीयस्य, सीसीटीवी-अन्तर्गतस्य च विषये गम्भीराः चिन्ताः अपि प्रकटिताः। तथापि सामाजिकमाध्यमानां एकः खण्डः स्वस्य सामान्यप्रश्नपङ्क्तौ प्रत्यागतवान् यत् प्रथमतया बालिका तत्र किमर्थं गता? एकस्मिन् वायरल् रीले एकः क्रुद्धः पुरुषः अपि एतदेव तर्कं प्रकटयति स्म यत् यदि क्षुधार्तस्य पुरतः भोजनं स्थापितं भवति तर्हि ते अवश्यमेव तत् खादिष्यन्ति। एका वृद्धा महिला टिप्पणीं कृतवती यत्, पश्यतु अद्यकाले ते कीदृशं वस्त्रं धारयन्ति!

अभिजीत दिप्के इत्यनेन शान्तिं स्थापयितुं

५:०० वादने कनाट् प्लेस् इत्यत्र एकत्रिताः भवेयुः यद्यपि आयोजनस्य कानूनी अनुमतिः न प्राप्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



'कोकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) संस्थापक अभिजीत दीपके को कतिपय शर्तों के अधीन जमानत प्रदान किया गया। दिल्लीपुलिससूत्राणां अनुसारं 'शान्तिबन्धनस्य' (शान्तिं निर्वाहयितुम् उपक्रमः) निष्पादने एव जमानतः प्रदत्तः ।

ततः पूर्वं दिल्लीपुलिसः अभिजीतदीपके निवारकनिग्रहे गृहीतवान् आसीत्। सः कनाट् प्लेस् इत्यस्मिन् सेण्ट्रल् पार्कइत्यत्र 'लहरा दो तिरङ्गा' इति विरोधप्रदर्शनस्य आह्वानं कृतवान् आसीत्। राष्ट्रवादीकाङ्ग्रेसपक्षस्य (शरदचन्द्रपवार) प्रवक्ता अनीशगवण्डे इत्यस्य निवासस्थानात् निर्गत्य दिप्के निरुद्धः अभवत्। निरोधकाले एकः पुलिस-अधिकारी तस्मै सूचितवान् यत् कनाट्-प्लेस्-नगरे भारतीय-नगरिक-सुरक्षा-संहितायाः धारा १६३ प्रवर्तते, अस्य प्रावधानस्य अन्तर्गतं सः निवारक-निग्रहे गृहीतः अस्ति

ज्ञातव्यं यत् शुक्रवासरे सीजेपी-पक्षेण सेण्ट्रल् पार्क, कनाट् प्लेस् इत्यत्र 'लहरा दो तिरङ्गा' इति विरोधप्रदर्शनस्य आह्वानं कृतम् आसीत्। अतः पूर्वं दिल्लीपुलिसः प्रस्तावितप्रदर्शनस्य विषये दीप्के इत्यस्मै सूचनां जारीकृतवान् आसीत्। सूचनायां उक्तं यत् सामाजिकमाध्यमेन जनानां कृते आह्वानं कृतम् यत् ते सायं ५:०० वादने कनाट् प्लेस् इत्यत्र एकत्रिताः भवेयुः, यद्यपि आयोजनस्य कानूनी अनुमतिः न प्राप्ता।

दिल्ली उच्चन्यायालयस्य निदेर्शान् उद्धृत्य दिल्लीपुलिसः सूचनायां उल्लेखितवान् यत् कनाट् प्लेस् इत्यत्र अनधिकृतसमागमः यातायातस्य, कानूनव्यवस्था, जनसुरक्षा, वाणिज्यिकक्रियाकलापयोः बाधां जनयितुं शक्नोति। पुलिसस्य मते कनाट् प्लेस् इति प्रमुखं वाणिज्यिककेन्द्रं यत्र बहूनां दुकानानि, शोरूमानि, भोजनालयाः, होटलानि, बङ्काः, कार्यालयानि च सन्ति। क्षेत्रे विरोधः कृतः चेत् व्यापारेषु, व्यापारिभिः नियोजितानाम् आजीविकायाः च प्रतिकूलप्रभावः भवितुम् अर्हति इति आशङ्कितम्।

सूचनायां राजीवचौकमेट्रोस्थानकस्य अपि उल्लेखः कृतः, यस्य वर्णनं पुलिसैः नील-पीत-रेखायोः संयोजनं कृत्वा प्रमुखं आदान-प्रदानस्थानकं कृतम्, यत्र प्रतिदिनं प्रायः द्वौ लक्षौ यात्रिकाणां सेवा भवति एतादृशे सति जनसमूहस्य वृद्ध्या यातायातस्य जामस्य, अव्यवस्थायाः, सम्भाव्य भगदड़सदृशानां च जोखिमः भवति। दिल्लीपुलिसः अपि अवदत् यत् कनाट् प्लेस् इत्यत्र बीएनएसएस इत्यस्य धारा १६३ इत्यस्य अन्तर्गतं प्रतिबन्धात्मकाः आदेशाः प्रचलन्ति। एतेषां आदेशानां किमपि उल्लङ्घनेन अन्यैः प्रासंगिककानूनीप्रावधानैः सह भारतीयन्यायसंहिता, 2023 इत्यस्य धारा 223 इत्यस्य अन्तर्गतं कार्यवाही कर्तुं शक्यते। पुलिसैः दीपके इत्यस्मै निर्देशः दत्तः यत् सः कनाट् प्लेस् इत्यत्र वा परितः वा किमपि प्रकारस्य प्रदर्शनस्य, शोभायात्रायाः, सभायाः वा आयोजनं न कुर्वन्तु, लाउडस्पीकरस्य उपयोगं कर्तुं च निवृत्तः भवतु इति सूचनायां अपि स्पष्टं कृतम् यत् कनाट् प्लेस् प्रदर्शनार्थं निर्दिष्टं स्थलं नास्ति, अन्यस्मिन् अधिकृतस्थाने एतादृशं किमपि आयोजनं कर्तुं पूर्वकानूनी अनुमतिः अनिवार्यः इति।

अस्मिन् प्रथमचिकित्सासामग्री

आवश्यकं व्यक्तिगतं औषधं, पेयजलं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अस्मिन् प्रथमचिकित्सासामग्री, आवश्यकं व्यक्तिगतं औषधं, पेयजलं, उच्चप्रोटीनयुक्तं जलपानं, टॉर्चः, वस्त्रं वा हस्ततौल्यं, नेत्ररक्षणार्थं समुचितचक्षुषः च भवितव्यम् संकटस्य मूल्याङ्कितस्तरस्य आधारेण रक्षात्मकशिरःकवचस्य, शरीरकवचस्य च उपयोगः अपि विचारणीयः भवति। परन्तु परिषदः स्पष्टीकरोति यत् एतादृशानां सुरक्षासामग्रीणां उपलब्धतायाः कारणात् कस्यचित् अनावश्यकं जोखिमं ग्रहीतुं प्रोत्साहनं न दातव्यम्। पत्रकाराः प्राथमिकचिकित्सायाः मूलभूतज्ञानं धारयन्तु, सुरक्षासाधनानाम् समुचितप्रयोगस्य अभ्यासं कुर्वन्तु इति सल्लाहः दत्तः अस्ति। मार्गदर्शिकासु अश्रुगैसस्य कनस्तरस्य, फ्लैश-बैङ्ग-यन्त्राणां, धूम-ग्रेनेड्-इत्यस्य च विषये महत्त्वपूर्णा चेतावनी अपि अन्तर्भवति यत् पत्रकारैः कदापि एतादृशानि वस्तूनि स्पर्शितुं, उद्धर्तुं, स्थानान्तरयितुं वा प्रयासः न करणीयः, यतः तेषु तापस्य, विस्फोटस्य, अथवा खतरनाकानां अवशेषाणां उपस्थितेः जोखिमः भवितुम् अर्हति समाचारकक्षेण सह नित्यं सम्पर्कं स्थापयितुं अत्यावश्यकम् प्रेस काउन्सिलेन स्वपत्रकाराणाम् सुरक्षासम्बद्धानां मीडियासंस्थानां दायित्वमपि प्रकाशितम् अस्ति। मार्गदर्शिकानुसारं क्षेत्रे बहिः समाचारं दत्त्वा पत्रकाराः स्वस्य समाचारकक्षस्य सम्पर्कं कुर्वन्तु।

अग्रे गच्छन् एतानि लेबलानि कथं प्रस्तुतानि सन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

इत्यस्य एषा उपक्रमः तस्मिन् समये आगच्छति यदा एआइ सङ्गीतनिर्माणस्य सीमां निरन्तरं पुनः परिभाषयति। अग्रे गच्छन् एतानि लेबलानि कथं प्रस्तुतानि सन्ति, तेषां परिचयः कियत् विश्वसनीयः सिद्धः भवति, अन्ये मञ्चाः कियत्पर्यन्तं समानमानकान् स्वीकुर्वन्ति इति अवलोकनं महत्त्वपूर्णं भविष्यति समग्रतया एआइ-जनित-गीतानां लेबल-करणस्य कदमः सङ्गीत-उद्योगस्य अन्तः पारदर्शितायाः कृते महत्त्वपूर्णं सोपानं प्रतिनिधियति। यूट्यूब इत्यस्मात् परं एप्पल् म्यूजिक, स्पोटिफाई, टाइडल् इत्यादयः मञ्चाः अपि अस्मिन् विषये सक्रियरूपेण संलग्नाः सन्ति।

राशिफल

मेष : आज का दिन शानदार साबित हो सकता है। रिलेशनशिप में रहने वाले कुछ लोगों को फैमिली का फुल सपोर्ट मिल सकता है।

वृषभ : वृषभ राशि के जातकों के लिए आज की एनर्जी क्रीएटिवटी और नए अवसरों के पक्ष में है।

मिथुन : आज का दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है। रिलेशनशिप वालों को बॉन्ड को स्ट्रांग करने पर फोकस रखना चाहिए।

कर्क : आज मेंटल हेल्थ ही आपकी प्रायोरिटी है। सेहत का ख्याल रखें। एक रोमांटिक दिन के लिए रेडी हो सकते हैं।

सिंह : आज थोड़े उतार-चढ़ाव वाले दिन के लिए तैयार हो जाएं। काम के सिलसिले में आपकी भागदौड़ काफी बढ़ सकती है।

कन्या : आज अपने काम पर फोकस रखें। सेल्फ केयर पर ध्यान दें। आज का दिन थोड़ा बिजी-बिजी साबित हो सकता है।

तुला : आज अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देकर लाइफ में बैलेंस बनाएं। आज का दिन बदलावों से भरपूर माना जा रहा है।

वृश्चिक : आज के दिन पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ के बीच बैलेंस मेंटेन करना बहुत जरूरी है।

धनु : फाइनेंशियल मामलों में पार्टनर की सलाह लेना कभी-कभी बेहतर रहता है। डिनर डेट पर भी जा सकते हैं।

मकर : आज धन-लाभ होने के योग हैं। आज का दिन थोड़ा हल- चल भरा साबित हो सकता है।

कुंभ : रिलेशनशिप वालों को आज अपने पार्टनर से कुछ सरप्राइज मिल सकता है। पैसों के मामले में भाग्य आपका भरपूर साथ देगा।

मीन : आज का दिन बेहद शुभ रहने वाला है। काम का प्रेशर कम करने के लिए आपको समय-समय पर ब्रेक लेने की जरूरत है।

आईपीएल ऑक्शन 16 दिसंबर को गोवा में होगा, इसी दिन भारत और श्रीलंका मैच

15 नवंबर तक टीमें तय करेंगी किसे रखना है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



आईपीएल 2027 सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी। इससे पहले सभी 10 टीमों को 15 नवंबर तक बताना होगा कि वे अपने मौजूदा खिलाड़ियों में से किन्हें साथ बनाए रखना चाहती हैं। 16 दिसंबर को ही भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा वनडे बेंगलुरु में खेला जाना है। श्रीलंका की टीम 13 दिसंबर से भारत के दौरे पर रहेगी। इसमें 3 वनडे और 3 टी-20 खेले जाएंगे।

पिछली तीन नीलामियां भारत से बाहर हुई थीं। 2024 में दुबई, 2025 के लिए सऊदी अरब के जेद्दा और 2026 में अबू धाबी में ऑक्शन हुआ था। नीलामी में हर टीम के मालिकों और अधिकारियों के अलावा कोचिंग स्टाफ शामिल होता है। इतने लोगों के लिए विदेश यात्रा, होटल, परिवहन और दूसरे इंतजाम करना खर्चीला होने के साथ-साथ जटिल भी होता है। इसीलिए इस बार का ऑक्शन भारत में हो रहा है।

15 नवंबर की डेडलाइन के बाद क्या होगा- खिलाड़ियों को बनाए रखने की समय-सीमा खत्म होने के बाद आईपीएल सभी फ्रेंचाइजियों को नीलामी में उपलब्ध खिलाड़ियों की लिस्ट भेजेगा। टीमें इस सूची में से उन खिलाड़ियों को चुनेंगी जिन पर वे बोली लगाना चाहती हैं। इसके बाद अंतिम सूची तैयार होगी और नीलामी से पहले खिलाड़ियों के अलग-अलग सेटों में आने का क्रम भी बताया जाएगा। इस प्रक्रिया का मतलब है कि नीलामी के दिन ही टीमें पहली बार खिलाड़ियों के नाम नहीं देखेंगी। वे पहले से अपनी जरूरतों का आकलन करेंगी। जैसे किसी टीम को तेज गेंदबाज चाहिए, किसी को बीच के ओवरों में विकेट लेने वाला स्पिनर और किसी को दबाव में तेजी से रन बनाने वाला बल्लेबाज। इसके बाद तय बजट के हिसाब से खिलाड़ियों पर बोली लगाई जाएगी।

ट्रेड विंडो में अब तक सिर्फ दो सौदे- नीलामी से पहले खिलाड़ियों की अदला-बदली के लिए ट्रेड विंडो भी खुली रहती है। इस दौरान दो फ्रेंचाइजियां आपसी सहमति से अपने खिलाड़ियों का ट्रांसफर कर सकती हैं। 2026 सीजन खत्म होने के बाद अब तक दो ट्रेड सामने आए हैं। जून में लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपने कप्तान ऋषभ पंत को दिल्ली कैपिटल्स के साथ ट्रेड किया और बदले में स्पिनर कुलदीप यादव को लिया। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने तेज गेंदबाज टी. नटराजन को सनराइजर्स हैदराबाद भेजा और बदले में लेग स्पिनर जीशान अंसारी को लिया। आईपीएल के नियमों के मुताबिक ट्रेड विंडो एक सीजन खत्म होने के एक महीने बाद खुलती है। यह नीलामी से एक सप्ताह पहले तक चलती है और फिर अगले सीजन की शुरूआत से एक महीने पहले तक दोबारा जारी रह सकती है।

आईपीएल 2027 कब शुरू होगा- बीसीसीआई ने आईपीएल 2027 सीजन की तारीखों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया है। 2024 में बोर्ड ने अगले तीन सीजन के लिए 14 मार्च से 30 मई तक का संभावित आयोजन समय तय किया था। हालांकि, सितंबर 2026 में इउउकसचिव देवजीत सैकिया ने संकेत दिया था कि अगला सीजन मार्च के आखिरी हिस्से में शुरू हो सकता है।

इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर भी नजर- नीलामी की तैयारी के साथ एक और सवाल चर्चा में है। क्या कढछ में इम्पैक्ट प्लेयर नियम जारी रहेगा? इस नियम के तहत टीम मैच के दौरान एक खिलाड़ी की जगह दूसरे खिलाड़ी को मैदान पर उतार सकती है। बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजियों से इस नियम पर लिखित प्रतिक्रिया मांगी थी।

मिनी ऑक्शन में किन खिलाड़ियों पर लग सकती है बड़ी बोली?

कैमरन ग्रीन- 25.20 करोड़- कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2026 की नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर 25.20 करोड़ खर्च किए थे। उनसे बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान की उम्मीद थी।

मथीशा पथिराना- 18 करोड़- श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को कोलकाता ने 18 करोड़ में खरीदा था। हालांकि चोट की वजह से वे पूरा सीजन नहीं खेल सके थे। ऐसे में केकेआर उन्हें रिलीज कर सकती है।

प्रशांत वीर- 14.20 करोड़- चेन्नई सुपर किंग्स ने अनकैप्ड ऑलराउंडर प्रशांत वीर पर 2026 की नीलामी में 14.20 करोड़ खर्च किए थे। अनकैप्ड का मतलब ऐसे खिलाड़ी से है जिसने अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो। वीर ने आईपीएल 2026 में 6 मैच खेले और 90 रन बनाए।

ज्योतिष/वास्तु

बुध-मंगल केंद्र दृष्टिः

अगले सप्ताह चमकेगी 4 राशियों की किस्मत, तरक्की के बनेंगे योग



30 अक्टूबर को बुध और मंगल एक-दूसरे से 90 डिग्री के कोण पर होंगे। ग्रहों की इस स्थिति से केंद्र दृष्टि योग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक, इस योग का सकारात्मक प्रभाव चार राशियों के जातकों पर पड़ सकता है। आइए जानते हैं केंद्र दृष्टि योग किन राशियों के लिए अनुकूल रह सकता है।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार, 30 अक्टूबर को बुध और मंगल एक-दूसरे से 90 डिग्री के कोण पर होंगे। ग्रहों की इस स्थिति से केंद्र दृष्टि योग का निर्माण होगा। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक, इस योग का सकारात्मक प्रभाव चार राशियों के जातकों पर पड़ सकता है। इनके जीवन में तरक्की के नए अवसर आ सकते हैं, लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने की संभावना रहेगी और आर्थिक लाभ के रास्ते खुल सकते हैं। खास बात यह है कि इसके अगले दिन यानी 31 अक्तूबर को गुरु सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। आइए जानते हैं केंद्र दृष्टि योग किन राशियों के लिए अनुकूल रह सकता है।

मेष राशि- मेष राशि के जातकों के लिए केंद्र दृष्टि योग लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को पहचान मिल सकती है। लंबे समय से रुकी वेतन वृद्धि की उम्मीद पूरी हो सकती है। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को भी अच्छा अवसर मिल सकता है। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना बन सकती है।

मिथुन राशि - मिथुन राशि वालों के लिए यह योग करियर के लिहाज से अनुकूल रह सकता है। मीडिया, मार्केटिंग, आईटी और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने के साथ वेतन में इजाफा होने की संभावना भी है। नए प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिल सकता है, जिससे अनुभव और प्रतिष्ठा दोनों में वृद्धि होगी। इसके अलावा, मकान या वाहन खरीदने की योजना भी आगे बढ़ सकती है।

कन्या राशि - कन्या राशि के जातकों के लिए केंद्र दृष्टि योग सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आमदनी बढ़ाने के नए अवसर सामने आने की संभावना है, लेकिन धन से जुड़े फैसले सोच-समझकर लें।वेतन वृद्धि के साथ अतिरिक्त आय के साधन भी विकसित हो सकते हैं। अचानक किसी आर्थिक लाभ का अवसर मिलने से आपकी वित्तीय स्थिति बेहतर हो सकती है।

वृश्चिक राशि - वृश्चिक राशि वालों के लिए यह योग कई मामलों में उत्साह बढ़ाने वाला हो सकता है। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों की सराहना होगी और पदोन्नति या मनचाही जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन सकती है। लंबे समय से देख रहे किसी सपने को पूरा करने की दिशा में प्रगति हो सकती है। यात्रा से लाभ मिलने के संकेत हैं। कारोबार करने वाले जातकों को किसी बड़ी डील में सफलता मिल सकती हैजिससे भविष्य में आर्थिक स्थिति मजबूत करने के अवसर बनेंगे।

क्या आज वैभव सूर्यवंशी ओपनिंग करेंगे

भारत-न्यूजीलैंड तीसरा टी-20 आज, वेलिंगटन में 55 किमी/घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेलिंगटन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। शुरूआती दोनों मैच जीतकर भारतीय टीम 2-0 से आगे है। मुकाबला क्राइस्टचर्च से वेलिंगटन पहुंच गया है, इसलिए परिस्थितियां भी बदलेंगी। यहां तेज हवा गेंद की दिशा, बल्लेबाजों के शॉट और फील्डिंग में परेशान करती है। हवा 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

वैभव सूर्यवंशी को फिर नंबर-3 पर मौका- भारतीय टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पोजिशन पर नजर रहेगी। ईशान किशन दाईं जांघ की मांसपेशी में खिंचाव से पूरी तरह नहीं उबरे हैं, इसलिए वह तीसरे टी-20 से भी बाहर रहेंगे। ऐसे में सूर्यवंशी को एक बार फिर नंबर-3 पर मौका मिलने की संभावना है। भारत के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की शुरूआत भी महत्वपूर्ण होगी। पिछले मैच में तिलक वर्मा ने नाबाद 51 रन बनाकर हारा हुआ मैच जिताया था।

न्यूजीलैंड के सामने दो तेज गेंदबाजों की कमी- मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन तीसरे मैच में नहीं दिखेंगे। हेनरी को आराम दिया गया है। फर्ग्यूसन वेलिंगटन मैच से बाहर रहेंगे। दोनों तेज गेंदबाज पिछले मुकाबले में अपने पूरे ओवर भी नहीं कर सके थे।

ग्लेन फिलिप्स हैं न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी उम्मीद- इस सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स का प्रदर्शन सबसे अहम रहा है। वह पहले दो मैचों में 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उनकी बल्लेबाजी की खासियत है कि वह पारी को संभालने के साथ तेजी से रन भी बना सकते हैं।

भुवनेश्वर ने 2 मैच में 99 रन दिए

भारत ने शुरूआती दोनों मुकाबलों में लक्ष्य हासिल किया है, लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। खासकर भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। पहले दो मैचों में उन्होंने आठ ओवर में 99 रन दिए और एक विकेट लिया। गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने भी खिलाड़ियों से अपने प्रदर्शन का स्तर बढ़ाने की अपेक्षा जताई है। उनके मुताबिक, यात्रा और जेट लैग की वजह से शुरूआती मैचों में खिलाड़ियों को थोड़ी छूट दी जा सकती थी, लेकिन अब टीम को छोटी-छोटी चीजों में सुधार करना होगा।

वेलिंगटन में छोटी बाउंड्री- हेनरी स्टेडियम को केक टिन भी कहा जाता है। यहां की स्क्वायर बाउंड्री लगभग 60 मीटर की है, यानी विकेट के दोनों तरफ बल्लेबाजों को पुल और कट जैसे शॉट पर रन बनाने में फायदा मिलेगा। नई पिच पर तेज गेंदबाजों को शुरूआत में मदद मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, इसी मैदान पर पिछले सीजन के आखिरी टी-20 में साउथ अफ्रीका ने 164 रन का बचाव किया था।

रणजी ट्रॉफी में आयुष बडोनी का शतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी में सोमवार को दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी ने दूसरी पारी में शतक लगाकर अपनी टीम को मुश्किल से निकाला। वे झारखंड के खिलाफ 106 रन पर नाबाद हैं। मध्य प्रदेश के सारांश जैन ने 7 विकेट लेकर बिहार को 99 रन पर ऑलआउट कर दिया। रांची में झारखंड के खिलाफ दिल्ली ने एक समय दिल्ली ने 181 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान आयुष बडोनी ने गेंदों को समझकर खेला, खराब गेंदों पर रन बनाए और जरूरत पड़ने पर आक्रामक शॉट भी लगाए। 122 गेंदों पर नाबाद 106 रन की उनकी पारी में 11 चौके और दो छक्के शामिल रहे। दूसरे छोर पर सुमित माथुर ने 50 रन बनाकर उनका साथ दिया। दोनों ने छठे विकेट के लिए 128 रन जोड़े और दिल्ली को दिन का खेल खत्म होने तक 309/5 तक पहुंचा दिया। बडोनी के प्रदर्शन की अहमियत इसलिए भी है कि इससे पहले गुजरात के खिलाफ उन्होंने 217 रन बनाए थे। मुंबई में हरियाणा के खिलाफ अंगकृष रघुवंशी और मुशीर खान ने दूसरे विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी की।

खबर एक नजर...

पुत्र ने विवाद किया तो मां ने खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। आगर मालवा के नलखेड़ा स्थित ग्राम नानियाखेड़ी में रहने वाली रेशमबाई पति रामलाल 60 वर्ष को जहरीला पदार्थ खाने के बाद परिजन रविवार रात उपचार के लिये उज्जैन लेकर आये थे। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में सोमवार तड़के रेशमबाई की मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि रेशमबाई का पुत्र शराब पीकर घर लौटा था और विवाद किया था। पुत्र के साथ विवाद करने और हाथ उठाने से आहत होकर रेशमबाई ने घर में फसल में डालने के लिये रखा कीटनाशक गटक लिया था। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार मामला आगर मालवा का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये नलखेड़ा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

जहर खाकर 12 वीं की छात्रा ने किया जीवन का अंत

उज्जैन। ग्राम मलवासा की रहने वाली पूजा पिता ईश्वर 17 साल ने रविवार को जहर की गोलियां खा ली। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पूछताछ की तो उसने मां को बताया कि सल्फास की गोली खाई है। परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे। जहां रात में मौत हो गई। सुबह पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि दोपहर तक पूजा बिल्कुल ठीक थी, वह दादा नागूलाल को खाना देने खेत पर गई थी, वापस लौटने पर कमरे में जाकर सो गई थी। कुछ देर बाद उल्टियां करने पर मां ने उससे पूछा तो जहर खाना बताया था। परिजनों का कहना था कि 12 का अध्ययन कर रही थी। उसने कभी कोई परेशानी नहीं बताई। ऐसा कदम क्यों उठाया इसका पता नहीं है।

मोबाइल हैक होने के बाद खाते से निकले 51 हजार

उज्जैन। ऑनलाइन खातों से राशि निकलने के मामले कम नहीं हो रहे है। साइबर ठगों द्वारा लगातार धोखाधड़ी की जा रही है। इंगोरिया के ग्राम रणवा में रहने वाले अजय पिता राधेश्याम सोलंकी का मोबाइल अचानक 16 अक्टूबर को हैक हो गया था। एक दिन बाद उसके खाते से 51 हजार रुपए निकलने का मैसेज मिला। अजय ने ऑनलाइन हुई धोखाधड़ी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज कराई। मामला इंगोरिया पुलिस के पास पहुंचा तो मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। पुलिस का कहना था कि अजय द्वारा एपीके फाइल पर क्लिक किया था। जिसके बाद मोबाइल हैक हुआ अनाधिकृत तरीके से राशि का ट्रांजेक्शन हुआ है। एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में रहने वाले विवेक पिता भंवरलाल चौपरिया के साथ मई माह में हुआ। उसके पास दो क्रेडिट कार्ड थे। मोबाइल पर कॉल आया और कहा गया कि दो क्रेडिट कार्ड एक कर दिये जायेगें। लिंक भेजी है, जिस पर जानकारी भरकर भेजना होगी। विवेक ने लिंक ओपन की और खाते से 90 हजार का ट्रांजेक्शन हो गया। उसके द्वारा ऑनलाईन साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी। पांच माह बाद मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

मध्यप्रदेश शासन लिखी गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

उज्जैन। इंदौररोड स्थित तपोभूमि चौराहा पर मध्यप्रदेश शासन एसओडी लिखी बोलेरो गाड़ी ने सड़क किनारे खड़ी 2 से 3 बाइक को टक्कर मार दी। बाइक क्षतिग्रस्त होने पर लोगों को गुस्सा फूट पड़ा। उन्होने मध्यप्रदेश शासन लिखी गाडी रोक ली। चालक भाग निकला था। हंगामे की खबर मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस तपोभूमि पहुंची और मामले में क्षतिग्रस्त बाइक चालकों को शिकायत दर्ज कराने के लिये कहा। कृष्णा परिसर नानाखेड़ा पर रहने वाले कृष्ण कुमार पिता अभय नारायण मिश्र ने अपनी बाइक क्षतिग्रस्त होने पर मामले में शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि बोलेरो चालक ने सुनील पाटीदार और श्रवण नाथ की बाइक को भी टक्कर मारी थी। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर इस बात का जानकारी जुटाई जा रही है कि गाड़ी कौन चला रहा था और कहा अटैच है।

गाडी लगाने पर आरोपियों ने युवक को मारा चाकू

उज्जैन। जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे अशोक प्रजापत का भट्टा बना हुआ है। जहां रात में जानसापुरा आजाद मार्ग पर रहने वाला यासिर पिता जाकीर हुसैन अपनी गाड़ी रखने पहुंचा था। उसी दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने गाड़ी लगाने की बात को लेकर विवाद किया और यासिर के साथ गाली गलौच करते हुये चाकू मार दिया। घायल यासिर को उसका साथी इमरान पिता अब्दुल गफ्फार अस्पताल लेकर पहुंचा। पुलिस ने इमरान की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

दिन	259-6	170-8
मेन बाजार	478-9	349-6
मिलन डे	579-1	238-3
मिलन नाइट	360-9	678-1

5 8 0

आज से सुविधा लागू, डिजिटल भुगतान एवं मोबाइल नंबर देना अनिवार्य

आरक्षण काउंटर से बुक कराए गए टिकटों पर भी मिलेगा बीमा का लाभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 27 अक्टूबर 2026 से रेलवे के आरक्षण कार्यालयों से आरक्षित टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा का लाभ मिल सकेगा। अब तक यह सुविधा आईआरसीटीसी के माध्यम से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह बीमा सुविधा पूरी तरह वैकल्पिक होगी।इसका लाभ केवल उन्हीं यात्रियों को मिलेगा, जो बीमा का विकल्प चुनेंगे, अपना मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएंगे तथा टिकट किराये और बीमा प्रीमियम काभुगतान डिजिटल माध्यम से करेंगे। बीमा प्रीमियम टिकट किराये के साथ लिया जाएगा। निर्धारित नियमों के अनुसार, बीमा प्रीमियम सभी करों सहित प्रति यात्री 45 पैसे है।

ये होंगे पात्रता में शामिल- यह योजना केवल भारतीय नागरिकों के लिए उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बुकिंग के समय कन्फर्म, आरएसी अथवा आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र यात्री बीमा का विकल्प चुन सकते हैं। एक ही पीएनआर के अंतर्गत बुक किए गए सभी पात्र यात्रियों पर बीमा लागू होगा। पांच वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे, जिनकी बुकिंग बिना बर्थ या सीट के की गई है, इस बीमा के दायरे में शामिल नहीं होंगे। वहीं, पांच से ग्यारह वर्ष की आयु के बच्चे बर्थ के साथ अथवा बिना बर्थ के भी पात्र होंगे।

इतना होगा बीमा कवर-बीमा पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों के अधीन रेल दुर्घटना अथवा अन्य अधिसूचित अप्रिय घटना की स्थिति में मृत्यु या स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के लिए रू.10 लाख, स्थायी आंशिक दिव्यांगता के लिए रू.7.50 लाख तक तथा चोटों के कारण अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराने के खर्च के लिए रू.2 लाख तक का बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पार्थिव शरीर के परिवहन के लिए रू.10,000 तक का लाभ भी निर्धारित शर्तों के अनुसार देय होगा।

आरक्षण फार्म में संशोधन किया- यात्रियों को बीमा का विकल्प चुनने की सुविधा देने के लिए आरक्षण फॉर्म में आवश्यक संशोधन किया गया है। संशोधित फॉर्म पश्चिम रेलवे के सभी आरक्षण कार्यालयों में उपलब्ध कराया जाएगा। आरक्षण कर्मचारी यात्रियों को बीमा विकल्प चुनने एवं निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

यात्रियों को भरना होगा बीमा फार्म

बीमा पॉलिसी का विवरण यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। टिकट बुक कराने के बाद यात्रियों को उपलब्ध कराए गए लिंक के माध्यम से संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर नामांकन संबंधी आवश्यक विवरण भरना होगा। आरक्षण कार्यालयों से बुकिंग पर भी योजना के मौजूदा नियम एवं शर्तें लागू होंगी। बीमा पॉलिसी जारी करने तथा दावों के निपटान की जिम्मेदारी संबंधित बीमा कंपनी की होगी।

माकड़ोन में किसान की हत्या, 2 आरोपी हिरासत में

विवाद होने पर दी थी धमकी, 4 दिन बाद किया हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जमीन को लेकर हुये विवाद में भाईयों ने जान से मारने की धमकी दी। 4 दिन बाद रात के समय दूध देने जा रहे युवक पर हमला कर दिया। गंभीर घायल युवक को परिवार उज्जैन लेकर आया। जहां उसकी मौत हो गई। प्राणघातक हमले का मामला हत्या में तब्दील किया गया है।

माकडोन के थाना क्षेत्र के ग्राम भरियाखेड़ी में रहने वाला जीवन पिता रामकिशन शर्मा 40 साल खेती किसानी का काम करता था। रविवार रात 8 बजे वह घर से दूध देने के लिये ग्राम पाट बाइक से निकला था। रास्ते में छापरे की पुलिया के पास उस पर बाबूलाल, नंदकिशोर, विरेन्द्र और कृष्णपाल ने घेर लिया। चारों ने लोहे की रॉड, डंडे से जानलेवा हमला किया और भाग निकले। जीवन पर हमला होने की खबर मिलने पर परिवार पहुंचा और उसे गंभीर हालत में उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल लेकर आया। कुछ घंटे चले उपचार के बाद रात 3.30 बजे के लगभग जीवन की मौत



हो गई। हमला होने के बाद पुलिस मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर चुकी थी। सोमवार सुबह मौत की खबर मिलने पर प्रकरण को हत्या में बदला गया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि हमले के बाद ही विरेन्द्र और कृष्णपाल को हिरासत में ले लिया गया था। उनके परिवार के दो सदस्यों बाबूलाल और नंदकिशोर की तलाश की जा रही है।

मामूली विवाद में हुई थी मारपीट- बताया जा रहा है कि दशहरा पर्व पर ट्रेक्टर से खेत हांकने के दौरान बाबूलाल के खेत का कुछ हिस्सा खुद गया था। जिसके चलते उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। मामूली रूप से थप्पड-मुक्कों से मारपीट हुई थी। जीवन ने बाबूलाल के दादाजी को थप्पड़ मार दिया था। उस दौरान बाबूलाल ने जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों परिवार में राजीनामा होने पर मामला पुलिस के पास तक नहीं पहुंचा था।

थप्पड मारने का बदला हत्या कर लिया

बताया जा रहा है कि बाबूलाल अपने दादाजी को थप्पड़ मारने पर काफी गुस्सा हो गया था, उसे ठान लिया था कि वह जीवन की हत्या कर देगा। दोनों परिवार में राजीनामे के बाद भी वह चार दिनों से जीवन पर खुन्नस रख रहा था। उसने योजना बनाई और रात में दूध लेकर निकले जीवन को पुलिया के सुनसान रास्ते पर घेर भाईयों के साथ मिलकर हमला कर दिया।

3 बच्चों का पिता था मृतक

सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि जीवन 3 बच्चों का पिता था। आरोप लगाया गया कि हमला करने के दौरान आरोपियों के पास बंदूक थी। जिससे मारा गया, लेकिन गोली लगाने की पुष्टि पोस्टमार्टम के दौरान नहीं हुई है। जीवन कांग्रेस से जुड़ा था। पोस्टमार्टम के दौरान कांग्रेस विधायक महेश परमार अस्पताल पहुंचे थे।

धार्मिक यात्रा पर आये युवक हार्ट अटैक से मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक यात्रा पर दोस्तों के साथ आये युवक की सोमवार सुबह हार्ट अटैक से मौत होना सामने आया। युवक बिहार का रहने वाला था। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि होटल अमृत में ठहरे बिहार के बक्सर में रहने वाले पप्पू पिता गुलाब चौधरी 45 साल की मौत होने सूचना मिली थी। पुलिस होटल पहुंची तो दोस्त अजय ने बताया कि बिहार से 23 अक्टूबर को पांच दोस्त धार्मिक यात्रा पर निकले थे। रविवार को उज्जैन पहुंचे थे, दिनभर धार्मिक नगरी के मंदिरों में देवदर्शन किये और शाम को अमृत होटल में रूम लिया। सुबह औंकारेश्वर जाने वाले थे, लेकिन पप्पू नहीं उठा। पुलिस ने शव अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने हार्ट अटैक होने की संभावना जताई और शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। दोस्तों ने बताया कि सभी मजदूरी करते है। पप्पू के परिवार को उसके नहीं रहने की सूचना दी गई है। परिवार मंगलवार सुबह तक उज्जैन पहुंचेगा। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।



दुष्कर्म करने वाला का निकाला जुलूस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हाथ से दिव्यांग महिला को मजदूरी दिलाने का झांसा देकर 2 युवक बाइक से ले गये और दुष्कर्म किया। विरोध करने पर दोनों ने महिला से मारपीट की। पुलिस ने मामला संज्ञान में आते ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों का गांव में जुलूस निकाला गया और अनैतिक कृत्य करने पर सबक सिखाया।

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ग्राम रलाखेड़ी के चौकीदार द्वारा एक महिला को थाने लाया गया था। जिसे चोंट लगी थी। महिला हाथ दिव्यांग थी जिसे लकवा लगा था। पूछताछ करने पर महिला के साथ गंभीर घटना होना सामने आया। उसने बताया कि वह बेटी के घर गई थी और घर लौट रही थी। क्षिप्रा ब्रिज के पास बाइक सवार 2 युवक उसे मजदूरी का झांसा देकर अपने साथ ले गये थे और पैसे देने की बात कहीं थी। उसे रलाखेड़ी लेकर आये और एक मकान में बंधक बना



लिया। उसके साथ दोनों ने दुष्कर्म किया, विरोध करने पर मारपीट की। रातभर उसे बंधक बनाकर रखा और सुबह छोड़ दिया। थाना प्रभारी के अनुसार महिला को घटनास्थल ले जाया गया। जहां सामने आया कि उसे राकेश पिता तोलाराम के मकान में रखा गया था। पुलिस ने राकेश को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। उसने अपने साथी दिलीप पिता रामलाल निवासी भैरवगढ़ के साथ महिला को बाइक से घर लेकर आना बताया। पुलिस ने दिलीप को गिरफ्तार कर अनैतिक कार्य करने का मामला दर्ज किया।

देशी घी खरीदने के बहाने फंसाया था जाल में, पहले दिये थे 2 मोती

सोना बेचने का झांसा देकर की 20 लाख की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

देशी घी खरीदने के बहाने 3 लोगों ने वृद्ध को अपने जाल में फंसाया और खुदाई में मिला सोना कम कीमत में बेचने की बात कहीं। वृद्ध उनकी बातों में आ गया और 20 लाख दे दिये। लेकिन उसे ना तो सोना मिला ना ही दिये गये रुपए वापस मिल पाये। आरोपियों में एक महिला शामिल है।

पूरा घटनाक्रम मंदसौर से शुरू होकर उज्जैन तक पहुंचा। धोखाधड़ी मंदसौर के ग्राम नांदवेल निवासी परिवार के साथ सामने आई है। जो उज्जैन तक आया था। परिवार के रमेश पिता धन्ना गायरी 57 साल ने नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि 25 दिन पहले जावरा मंडी में उसे एक महिला और दो युवक मिले थे, उन्होने देशी घी खरीदने की बात कहीं। उसने देशी घी नहीं होने की बात कहीं तो उन्होने कहा कि उन्हे खुदाई में 1 किलो सोना मिला है। वह बाजार में नहीं बेच सकते है। लेकिन कम कीमत में किसी को बेच देगें। उन्होने 2 मोती और अपना मोबाइल नम्बर 8115364897 और 8112967689 दिया। उसने अपने गांव लौटकर मोती सुनार को दिखाये तो उसने सोने के होना बताया। कम कीमत में सोना मिलने के लालच में आकर उसने मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। उन्होने बताया कि अपना नाम मानसिंह, सागर और सोनिया बताया और कहा कि उज्जैन में जेसीबी चलाते है। सोना खरीदना है तो उज्जैन आ जाओ। वह 20 लाख रुपए लेकर 15 अक्टूबर को उज्जैन आया। तीनों ने शांति पैलेस चौराहा पर आने की बात कहीं। उन्होने बातों में उलझाया और 20 लाख रुपए लेकर बिना सोना दिये भाग निकले। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार मामले में जांच के बाद रविवार रात तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। रमेश गायरी को उन्होने भोपाल का रहने वाला बताया था।

तलाश में पता चला रतलाम में पकड़ाये

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपियों की तलाश शुरू की गई तो पता चला कि कुछ दिन पहले तीनों आरोपी रतलाम पुलिस की गिरफ्त में आ गये थे। उन्होने रतलाम में ठगी को अंजाम दिया था। यह भी पता चला कि इसी तरह की ठगी नागदा पुलिस को भी एक किसान द्वारा कुछ दिन पहले दर्ज कराई गई थी। उसके साथ नकली सोने के मोती देकर असली चांदी के आभूषण ठग लिये गये थे। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि तीनों आरोपियों को रतलाम से पूछताछ के लिये उज्जैन लाया जायेगा।

प्रशासन असत्य एवं भ्रामक बता रहा मौतों को, परिजनों के आरोप पर पुलिस कार्रवाई

अवैध शराब विक्रेता विनोद जायसवाल सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

15 एवं 18 अक्टूबर की मौतों को लेकर फरार हो गया था, पुलिस ने घेरा डाल पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास जिला मुख्यालय से मात्र कुछ किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत चंदाना एवं बिंजाना में अक्टूबर माह के प्रथम पखवाडे में हुई करीब एक दर्जन से अधिक मौतों के मामले में भले ही प्रशासन भ्रामक एवं असत्य करार दे रहा है लेकिन जहरीली शराब सेवन के आरोपों के चलते औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चंदाना निवासी शराब विक्रेता विनोद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से वह फरार था। इसके सहित पुलिस ने 10 अन्य शराब कारोबारियों को भी पकड़ा है।

देवास की कोतवाली पुलिस ने शराब कारोबारियों को घेराबंदी के बाद दबोचा है। पुलिस प्रेस नोट में बताया गया है कि 15 एवं 18 अक्टूबर को ग्राम चंदाना में दो व्यक्तियों की मृत्यु होने की सूचना जिला चिकित्सालय देवास से प्राप्त होने पर थाना सिविल लाईन में मर्ग पंजीबद्ध किये गये थे। मर्ग जांच के दौरान मृतकों के परिजनों एवं अन्य व्यक्तियों के कथन लिये गये, जिन्होंने ग्राम चंदाना निवासी विनोद जायसवाल द्वारा गांव में अवैध तरीके से शराब बेचने की बात कही। जानकारी के अनुसार, विनोद जायसवाल घटना के बाद से फरार था। सोमवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विनोद जायसवाल अपने साथियों के साथ कहीं जाने वाला है। सूचना पर पुलिस द्वारा शहर के



विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान प्रताप नगर-अंबेडकर नगर क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी09सीएफ3645 को रोका गया। पुलिस को देखकर कार सवारों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम विनोद जायसवाल, अजय राठौर एवं रामेश्वर सोनगरा बताए।

कोतवाली थाना में प्रकरण दर्ज

कार की तलाशी लेने पर डिक्की में 06 पेटी देशी शराब रखी मिली, जिसे विधिवत जप्त किया जाकर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 768/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम 1915 का पंजीबद्ध किया गया। अवैध शराब के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने सत्येन्द्र ओझा, नितिन सोलंकी, चन्द्रशेखर बैरागी, राज, जुगल, राजेन्द्र निनामा, विशाल चौहान के साथ मिलकर अवैध रुप से शराब बेचना बताया। इस जानकारी के आधार पर पुलिस द्वारा अलग-अलग टीमें गठित कर कार्यवाही की गई तथा शराब के अवैध कारोबार से जुड़े कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

ये शराब कारोबारी गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में विनोद जायसवाल पिता प्रयाग नारायण जायसवाल निवासी चंदाना,अजय उर्फ अज्जु पिता विष्णु राठौर निवी ग्राम पुवार्डादाई जिला इंदौर, नितिन सोलंकी पिता मदन सिंह सोलंकी (वाईन शॉप मैनेजर भाड़ा पिपल्या) निवासी न्यु गौरी नगर जिला इंदौर, चन्द्रशेखर बैरागी पिता ओमप्रकाश (मैनेजर-वाईन शॉप क्षिप्रा), सत्येन्द्र ओझा पिता भगवानदास (सेल्स मैन वाईन शॉप अरबिंदो इंदौर) निवासी वैभव लक्ष्मीनगर जिला इंदौर, राजदेव पिता रामचन्द्र पटेल (सेल्समैन वाईन शॉप क्षिप्रा) निवासी जौनपुर उत्तरप्रदेश, जुगल सिंह पिता लालसिंह,राजेन्द्र निनामा पिता धन्नालाल, विशाल पिता बद्रीलाल चौहान निवासी इल्यासखेड़ी थाना पीपलरावां, रामेश्वर पिता अमर सिंह सोनगरा निवासी गदईशा पिपल्या शामिल हैं।

कलेक्टोरेट का घेराव आज

देवास जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मनीष चौधरी के अनुसार 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के घेराव किया जाएगा। जिले के चंदाना और बीराखेड़ी में शराब के सेवन से हुई मौतों के विरोध में अवैध शराब और मादक पदार्थों के लगातार धंधे के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। इस विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा भी शामिल होंगे।

प्रशासन भ्रामक बता रहा, पुलिस कार्रवाई - मौतों के जहरीली शराब सेवन के आरोपों को लेकर जिला प्रशासन के एसडीएम अभिषेक शर्मा ने सिरे से ही खारिज कर दिया है। उन्होंने एक विडियों जारी करते हुए अपने बयान में साफ तौर पर कहा था कि चंदाना में कुछ भ्रामक खबर संज्ञान में आई थी कि वहां पर जहरीली शराब कासेवन करनेसेकुछ लोगों की मृत्यु हुई है। खबर पूर्णतः भ्रामक है। उन्होंने गांव में होने वाली मौतों को सिलसिलेवार बताते हुए उन्हें प्राकृतिक मौत बताया था। इसी स्थिति को देवास जनसंपर्क विभाग ने प्रसारित किया,जिसमें मौतों पर दावा और सच की स्थिति दर्शाई गई।

नजरें संभागीय जांच दल पर- मामले में शनिवार को संभागायुक्त आशीषसिंह ने उज्जैन अपर कलेक्टर एवं महाकाल मंदिर प्रबंध समिति प्रशासक प्रथम कौशिक की अध्यक्षता में कुल 5 अधिकारियों की समिति को जांच का जिम्मा सौंपा है। इस जांच समिति की जांच पर सबकी निगाहें हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com